सूर्योदय 6:02 सूर्यास्त 6:33

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.3 न्यू | 21.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.5 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81183.93 |
| निफ्टी | 24852.15 |
| सोना | 71,090 |
| चांदी | 87,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 8 सितंबर 2024 | 24 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 262, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



रविचंद्रन अश्विन ने घरेलू क्रिकेट में डीआरएस का समर्थन किया

पृष्ठ 14 पर

# हमीरपुर में क्लर्क ने फर्जी साइन कर किया 42 लाख का घोटाला

## आरोपी ने माना गड़बड़झाला किया, एडीसी ने जारी किया शो कॉज नोटिस

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**हमीरपुर** में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में एक क्लर्क के फर्जीवाड़े की जांच पूरी हो गई है। क्लर्क ने फर्जी साइन कर 42 लाख से ज्यादा का फर्जीवाड़ा किया है।

आरोपी क्लर्क ने माना है कि फर्जीवाड़े को उसी ने अंजाम दिया था। वहीं, लाखों की धनराशि सरकारी अकाउंट में जमा हो चुकी है। एडीसी ने आरोपी क्लर्क को शो कॉज नोटिस जारी किया है। इसका जवाब मिलने के बाद फाइनल कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

गौरतलब है कि यह क्लर्क पहले भी इसी तरह के गड़बड़झाले में शामिल रहा था। तब सजा के तौर पर उसकी एक इंक्रीमेंट बंद की थी। अब उसने दूसरी मर्तबा फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है। जब मीडिया की सुर्खियों में यह गड़बड़झाला बना, तो प्राथमिक जांच हुई और उसके बाद एसडीएम हमीरपुर ने जांच की। एसडीएम ने जांच कर अपनी रिपोर्ट कुछ दिन पहले ही एडीसी को सौंपी थी। एडीसी ने इसी जांच के आधार पर क्लर्क को शो कॉज नोटिस जारी किया है। हैरानी की बात यह है कि इस मामले में डीडीओ साइनिंग



अथॉरिटी होते हैं, लेकिन फर्जी साइन क्लर्क कैसे करता रहा, इस पर अभी भी रहस्य है। गड़बड़झाला पूर्व में जिला पंचायत अधिकारी के समय का है, लेकिन मौजूदा जिला पंचायत अधिकारी के कार्यकाल में भी उनके फर्जी साइन करके यह सब होता रहा। (अनंत ज्ञान)

### क्लर्क के अकाउंट में आता था पंचायत का पैसा

**पंचायत** के फंड से जुड़ा यह मामला प्राइवेट वेंडर के कामकाज से जुड़ा हुआ है। जो पैसा पंचायत के खाते में जाना चाहिए था, वह इसी क्लर्क के अकाउंट में आ जाता था। क्लर्क प्राइवेट वेंडर क्रिएट करता था और खुद ही इससे संबंधित काम को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। पेमेंट इसी के द्वारा कर दी जाती थी। यह काम 1 साल से ज्यादा समय तक जारी रहा। सरकारी पैसे को अपने खाते में डाइवर्ट करके क्लर्क गड़बड़झाला कैसे करता था? यही जांच का विषय था, जो रिपोर्ट में सामने आया है।



**जांच** रिपोर्ट में संबंधित क्लर्क ने माना है कि उसने गड़बड़झाला किया। वह अकेला ही इसमें शामिल है। आरोपी क्लर्क को शो कॉल नोटिस भेजा गया है। फाइनल कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**-राहुल चंदेल, एडीसी, हमीरपुर।**



**हमीरपुर** में जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में क्लर्क के फर्जीवाड़े से संबंधित जांच पूरी हो गई है। जांच रिपोर्ट एडीसी को सौंप दी है। आरोपी क्लर्क के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-मनीष सोनी एसडीएम, हमीरपुर।**

क्लर्क फर्जी साइन कैसे करता रहा था, मुझे पता नहीं है। अब जांच रिपोर्ट में जो सामने आएगा, उसी से पता चलेगा, क्योंकि पिछले जिला पंचायत अधिकारी के वक्त से ही यह क्लर्क ऐसा करता चला आया था। अजय कुमार को फिलहाल निलंबित करके स्थानीय बीडीओ ऑफिस में भेजा जा चुका है।

**-शशि बाला, जिला पंचायत अधिकारी, हमीरपुर।**

## न्यूज शॉर्ट्स

### रेप-मर्डर केस : आरोपी संजय की कस्टडी बढ़ी



**कोलकाता।** कोलकाता की एक विशेष अदालत ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर से रेप व मर्डर मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए और बढ़ा दी। आरोपी सिविक वालंटियर को वर्चुअली कोर्ट में पेश किया गया। मामले में एक संक्षिप्त सुनवाई के बाद रॉय की न्यायिक हिरासत 20 सितंबर तक बढ़ा दी गई।

### पीएम नहीं जयशंकर करेंगे यूएन महासभा को संबोधित




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे में बड़ा फेरबदल हुआ है, जिसके बाद अब वह संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित नहीं करेंगे। पीएम मोदी 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने वाले थे, लेकिन अब वो महासभा को संबोधित नहीं करेंगे, बल्कि उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर 28 सितंबर को महासभा को संबोधित करेंगे। हालांकि, पीएम मोदी 22-23 सितंबर को अब दो और कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे, लेकिन महासभा का हिस्सा नहीं बन सकेंगे।

### लखनऊ में 3 मंजिला बिल्डिंग ढही, 4 की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में शनिवार शाम को तेज बारिश के बीच ट्रांसपोर्ट नगर में 3 मंजिला बिल्डिंग हरमिलाप गिर गई। घटना के वक्त बिल्डिंग के बेसमेंट में काम चल रहा था। इस हादसे में चार लोगों की की मौत हुई है। 27 लोगों को मलबे से निकाल कर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं, 13 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। ड्रोन से मलबे में फंसे लोगों को सर्च किया गया। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें टीमें रेस्क्यू में जुटी हुई हैं। यह बिल्डिंग राकेश सिंघल की है और बिल्डिंग को किराए पर दिया था।

### पूजा खेडकर को किया आईएएस से बर्खास्त



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की पूर्व आईएएस ट्रेनी पूजा खेडकर पर एक्शन लिया गया है। केंद्र सरकार ने पूजा खेडकर को तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पूजा खेडकर पर आईएएस (प्रोबेशन) नियम, 1995 के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और दिल्ली पुलिस ने पूर्व आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया था।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- एचपीयू में भिड़े एसएफआई व एबीवीपी के कार्यकर्ता -पेज 2
- अमृतसर जा रही एचआरटीसी की बस सड़क पर पलटी, एक की मौत -पेज 4
- डडौर-बग्गी सड़क पर सफर रिस्की -पेज 9
- सुनीता विलियम्स के बिना स्पेसक्राफ्ट धरती पर लौटा -पेज 13
- सिनर और फ्रिट्ज में होगी खिताबी भिड़ंत -पेज 14


## गृह मंत्री का आतंकवाद के पनाहगार को कड़ा संदेश

# शाह बोले- शांति बिना पाकिस्तान से बात नहीं

**एजेंसी, जम्मू**

**गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू के पलौरा में चुनावी जनसभा की। विधानसभा चुनाव को लेकर शाह की यह पहली रैली है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार कभी नहीं बन पाएगी। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन एलओसी पर फिर से ट्रेड शुरू करना चाहता है। उसका पैसा आतंकियों के मददगारों तक पहुंचेगा और इलाके में फिर से अशांति आएगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के रहते ऐसा संभव नहीं हो पाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि जब तक जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं आएगी, तब तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। कांग्रेस जेल में बंद पत्थरबाजों और आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों को छुड़ाना चाहती है, ताकि आतंक फिर से फैले। विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का



जम्मू के पलौरा में चुनावी रैली को संबोधित करते अमित शाह।

आश्वासन देते हुए कहा कि मोदी सरकार की ओर से अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के तहत होने वाला पहला विधानसभा चुनाव है।

### जम्मू-कश्मीर को राहुल बाबा नहीं, केंद्र देगा राज्य का दर्जा

**शाह** ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि हम जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे। मैं अब्दुल्ला साहब और राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि आप जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा कैसे वापस देंगे? आप जनता को मूर्ख बना रहे हो। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राहुल बाबा नहीं केंद्र सरकार स्टेट का दर्जा देगी। उन्होंने कहा कि मैं बाबा मन्हास के मंदिर की कसम खाकर कहता हूं कि हम आपको अनुच्छेद 370 वापस नहीं लाने देंगे।

### कोई ताकत यहां ऑटोनॉमी की बात नहीं कर सकती

**शाह** ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी वाले कहते हैं, हम पहले जैसी व्यवस्था लाएंगे। क्या आप इससे सहमत हो? जिस ऑटोनॉमी की बात ने जम्मू-कश्मीर को आग में झुलसाया, घाटी में 40 हजार लोग मारे गए। ये कहते हैं, हम जम्मू-कश्मीर को ऑटोनॉमी देंगे। मैं आज कह कर जाता हूं, कोई भी ताकत ऑटोनॉमी की बात नहीं कर सकती।

## मंडी के बग्गी डिवीजन के अधिशाषी अभियंता पर गाज, शिमला भेजा

**आदर्श यादव, नेरचौक।** मंडी जिले के जलशक्ति विभाग के बग्गी डिवीजन में अनियमितताओं को लेकर पिछले एक सप्ताह से चल रही विजिलेंस की जांच की गाज अधिशाषी अभियंता पर गिरी है। अधिशाषी अभियंता हर्ष शर्मा का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है, उन्हें जलशक्ति विभाग के हेड ऑफिस शिमला में तैनात किया है। माना जा रहा है कि कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है। गौर रहे कि सुंदरनगर के एक ठेकेदार ने जलशक्ति विभाग के बग्गी डिवीजन में चहेतों को टेंडर आवंटित करने की शिकायत की थी। इसके आधार पर विजिलेंस टीम ने जांच की और एक साल का रिकॉर्ड सीज कर लिया है। 1398 टेंडर व जरूरी रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया है, जिन्हें लेकर विभाग बारीकी से जांच कर रहा है।

**विजिलेंस टीम एक सप्ताह से कर रही जांच**

जलशक्ति विभाग के प्रधान सचिव ओंकार शर्मा ने बताया कि अधिशाषी अभियंता हर्ष शर्मा का ट्रांसफर कर हेड ऑफिस शिमला में ज्वॉइन करने के आदेश दिए हैं, ताकि जांच के तथ्यों से कोई छेड़छाड़ न हो सके। (अनंत ज्ञान)

# शानन परियोजना के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार: सुक्खू

## कहा- केंद्र और पंजाब सरकार के समक्ष भी रखेंगे पक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम सुक्खू ने कहा कि जोगिंद्रनगर में 110 मेगावॉट की शानन जल विद्युत परियोजना को हिमाचल को सौंपा जाना चाहिए, क्योंकि पंजाब के पक्ष में इस परियोजना की पट्टा अवधि (लीज) समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी।

यह परियोजना हिमाचल को सौंपे जाने के लिए पंजाब सरकार को दिशा-निर्देश देने का आग्रह किया जाएगा। परियोजना को तुरंत सौंपे जाने के लिए केंद्र और पंजाब सरकार के समक्ष भी मसला रखा जाएगा। राज्य सरकार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड में प्रदेश के न्यायसंगत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए 1,045 मेगावॉट कड़छम-वांगतू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के संबंध में कार्यान्वयन समझौते के गैर अनुपालन का जेएसडब्ल्यू कंपनी को नोटिस दिया जाएगा। हाइड्रो क्षेत्र में प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए विद्युत परियोजनाओं से 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 30 प्रतिशत रॉयल्टी लेने का निर्णय लिया गया है। 40 वर्ष बाद परियोजना राज्य सरकार को सौंपे जाने का प्रावधान किया है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## कठुआ में फिर दिखे चार आतंकवादी, सर्च ऑपरेशन चलाया

**अशोक ठाकुर, कठुआ**

**कठुआ** जिले के बसंतपुर इलाके के कैंटा गांव में चार संदिग्ध आतंकियों के देखे जाने की सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। सेना के जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिला। क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि चार संदिग्ध उसके घर में खाना मांगने आए थे। महिला ने तुरंत शोर मचा दिया, जिसके बाद संदिग्ध वहां से भाग गए। महिला की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने क्षेत्र का गहराई से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। लखनपुर थाना प्रभारी त्रिभवन खजूरिया ने बताया कि संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिला है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, पांच की मौत

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** में फिर हिंसा भड़क गई है। जिरीबाम जिले में शनिवार सुबह हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। पहली घटना जिला हेडक्वार्टर से सात किलोमीटर दूर हुई। उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग को सोते समय गोली मार दी। मृतक की पहचान कुलेंद्र सिंघा के रूप में हुई। वह घर में अकेले रहता था।

वहीं, कुकी और मैतेई समुदायों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इंफाल वेस्ट और इंफाल ईस्ट में शुक्रवार देर रात भीड़ ने मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। गुस्साई भीड़ सुरक्षाबलों से हथियार लूटना चाहती थी। पुलिस



ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने पैलेट गन से कई राउंड फायरिंग की। मॉक बम और आंसू गैस के गोले भी दागे। वहीं, हवाई गश्त के लिए एक सैन्य हेलिकॉप्टर तैनात किया गया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकें की गईं।

## संजौली में अवैध मस्जिद निर्माण मामला

# कनिष्ठ अभियंता को स्टेटस रिपोर्ट फाइल करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** के संजौली में अवैध मस्जिद मामले में शनिवार को नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री के कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कनिष्ठ अभियंता को फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट फाइल करने के आदेश दिए। अब इस मामले की सुनवाई 5 अक्तूबर को होगी।

वक्फ बोर्ड ने कोर्ट में दायर जवाब में दावा किया कि मस्जिद पुरानी है और वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनी है। हिंदू संगठन के एडवोकेट जगत पाल ने दावा किया कि जिस जमीन पर मस्जिद बनी है, वह सरकारी है। 14 साल से इस केस में कोई अफेक्टिव कार्यवाही नहीं हुई, क्योंकि इससे पहले गलत आदमी के खिलाफ केस चल रहा था। रेवेन्यू रिकॉर्ड में मालिक सरकार है। जमाबंदी में खसरा नंबर 36 पर गैर मुमकिन मस्जिद दिखाई गई है। वक्फ बोर्ड के वकील ने बताया कि जवाब फाइल कर दिया है और सबूत पेश किए हैं। कोर्ट ने फ्रैश स्टेटस रिपोर्ट फाइल करने को कहा है। रिपोर्ट को एग्जामिन करने के बाद हम इसका जवाब फाइल करेंगे।

**वक्फ बोर्ड ने रखा पक्ष, अब 5 अक्तूबर को होगी सुनवाई**

# हिमाचल में अब बादल फटने से पहले ही मिलेगी चेतावनी

## 48 स्वचालित मौसम केंद्र होंगे स्थापित, जलवायु संबंधी चुनौतियों से निपटने में मिलेगी मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम संबंधी आंकड़ों की सटीकता और जलवायु संबंधी चुनौतियों से तुरंत निपटने के लिए सुक्खू सरकार ने खास कदम उठाए हैं।


सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षरित किए। समझौते के तहत शुरुआती चरण में प्रदेश में 48 स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनके जरिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान और तैयारियों के लिए वास्तविक समय के आंकड़े उपलब्ध




हो सकेंगे। खास तौर पर कृषि और बागवानी में मदद मिलेगी। इसके बाद खंड स्तर पर भी स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में आईएमडी की ओर से स्थापित 22 स्वचालित मौसम केंद्र एक्टिव हैं। प्रदेश सरकार की विस्तृत आपदा और जलवायु जोखिम न्यूनीकरण परियोजना के लिए फ्रांस की एजेंसी एएफडी के साथ सहमति बनी है, जिसके तहत एएफडी परियोजना के लिए 890 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाएगी।

### फ्रांस करेगा हिमाचल की मदद

सीएम सुक्खू का कहना है कि इस परियोजना से राज्य में बेहतर आपदा प्रबंधन तंत्र स्थापित करने में मदद मिलेगी। परियोजना के तहत राज्य में बुनियादी संरचना, प्रशासन और संस्थागत क्षमता के सुदृढ़ीकरण पर खास बल दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाघी स्कूल में अंडर-19 की प्रतियोगिताएं आरंभ



भरत ठाकुर, कोटखाई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाघी में अंडर-19 बॉयज जोनल टूर्नामेंट का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस खेलकूद प्रतियोगिता में 18 विद्यालय ने भाग लिया है, इसमें 227 छात्र अलग-अलग खेलों में भाग ले रहे हैं। खेल के पहले दिन मुख्यातिथि हरिवत बीडीसी सदस्य ग्राम पंचायत बाघी, रतनाडी, रूपलाल जस्टा प्रधान ग्राम पंचायत बाघी व उनके साथ पंचायत सदस्यों, महिला मंडल बाघी, महिला मंडल कोटी, ढंगरोटी ने अतिथि के रूप में शिरकत की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाघी के प्रधानाचार्य संजय देष्टा एवं एसएमसी स्टाफ ने इन सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया।

### एबीवीपी कोटशेरा इकाई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



अनंत ज्ञान, शिमला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटशेरा महाविद्यालय द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हिमाचल के प्रत्येक महाविद्यालय में प्रदेश सरकार शिक्षा विरोधी निर्णयों को लेकर प्रदेशव्यापी अभियान लिया गया है। हिमाचल के प्रदेश विश्वविद्यालय में अभी तक स्थाई कुलपति की नियुक्ति प्रदेश सरकार नहीं करवा पा रही है, परीक्षा परिणाम में अनेकों अनियमितताएं निरंतर सामने आ रही है। प्रदेश के अंदर छात्र संघ चुनाव काफी लंबे समय से बंद है। इन सभी मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद प्रदेश भर में आंदोलन की पूरी रूप रेखा तैयार की है। जिसके तहत आज कोटशेरा महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और इसके उपरांत सांकेतिक भूख हड़ताल के माध्यम से सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास करेगी और ज़िला स्तर पर प्रदर्शन किए जाएंगे।

### परिवार में एक ही महिला को पेंशन मिलने का किया विरोध

अनंत ज्ञान, शिमला। संत रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने मुख्यमंत्री सुक्खू कांग्रेस सरकार के द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना गारंटी योजना में अब बदलाव कर केबल एक घर परिवार में एक ही महिला को 1500 पेंशन मिलेगी की कड़े शब्दों में तीव्र आलोचना करते हुए विरोध किया है। भाटिया ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस तरह बदलाव करना इस योजना के मुख्य उद्देश्य का जहां माजाक बना कर रख दिया है, वहीं महिलाओं उनकी भावनाओं को आहात कर उनका भी उपहास सरकार द्वारा उड़ाया जा रहा है, जिसके राज्य सरकार कांग्रेस पार्टी को भविष्य में गंभीर परिणाम भूगतने ही पड़ेंगे।

### नेरवा महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा आयोजित



अनंत ज्ञान, शिमला। राजकीय महाविद्यालय नेरवा में हिंदी पखवाड़े के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के तहत कॉलेज में निबंध लेखन, भाषण, कविता पाठ, और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जो छात्रों की हिंदी भाषा के प्रति रुचि और कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए। निबंध लेखन प्रतियोगितारू' इस प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें उनके लेखन कौशल और विचारधारा की गहराई को दर्शाया गया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिए, जिससे उनकी सार्वजनिक बोलने की क्षमता और आत्मविश्वास का परिचय मिला।

### नम्होल में नेत्रदान के लिए प्रेरित किए विद्यार्थी



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरसवती विद्या मंदिर नम्होल में नेत्र दान पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत बच्चों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक ने कहा कि नेत्रदान पखवाड़े को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करके उन्हें नेत्रदान के लिए प्रेरित करना है क्योंकि देश में लगभग 1.5 करोड़ लोग आंख विकार की वजह से अंधेपन का शिकार हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपनी आंखें दान कर सकता है। इसके लिए एक शपथ पत्र भरकर अपनी सहमती देनी पड़ती है। इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ करते हुए स्वास्थ शिक्षक गोपाल कौशल ने नेत्रदान का महत्व बताते हुए प्रतिभागियो को नेत्रदान की शपथ दिलाई। एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें खुसबू ने पहला, अंकिता ने दूसरा व तन्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिन्हें इनाम देकर सम्मानित किया गया।

### घुमारवीं कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन



अनंत ज्ञान, घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में शनिवार को अंग्रेजी विभाग एवं पूर्व छात्र विकास परिषद द्वारा सृजनात्मक लेखन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर से स्रोत व्यक्ति एवं आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. नम्रता पठानिया ने शिरकत की। डॉ. नम्रता पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि सृजनात्मक लेखन में लेखक अपनी कल्पना का इस्तेमाल करता है और भाव विह्वल होकर प्रेम, पवित्रता, पलायन, ईश्वर, नश्वरता जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त करता है। व्यक्ति अपने मन, मस्तिष्क और बौद्धिक ज्ञान के हिसाब से रचना करता है। उन्होंने बताया कि सृजनात्मक लेखन एक जैविक प्रक्रिया है और इसमें दोहराव नहीं होता। सृजनात्मक लेखन के अंतर्गत कई विधाएं आती हैं जैसे कहानी, कविता, गीत उपन्यास, नाटक, निबंध, पत्र लेखन, डायरी लेखन आदि। उन्होंने अंत में कहा कि सृजनात्मक लेखन का उद्देश्य मानवीय मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना,भावनाओं को जगाना और जीवन की सार्थकता को समझाना होता है।

### जिला कारागार में की 125 कैदियों की जांच



अनंत ज्ञान, बिलासपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने जिला मुक्त कारागार बिलासपुर में एकीकृत स्वाथ्य जांच अभियान के अन्तर्गत आईसीटीसी स्टाफ द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तेहसीन ने दी। उन्होंने बताया कि जिला कारागार में 125 कैदियों की एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और सिफिलिस की परामर्श व जांच की गई।

# एचपीयू में भिड़े एसएफआई व एबीवीपी के कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र में छात्र गुटों के बीच लड़ाई-झगड़ों का क्रम शनिवार से शुरू हो गया। शनिवार को परिसर में एसएफआई और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच अंतराल में दो बार भिड़ंत हुई।

मौके पर मौजूद पुलिस और विवि सुरक्षा कर्मियों ने बीच-बचाव कर दोनों गुटों के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर कर स्थिति को नियंत्रित किया। इन घटनाओं के बाद से परिसर में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। विवि परिसर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। परिसर में अतिरिक्त पुलिस फोर्स

**परिसर में देर शाम तक रहा पुलिस फोर्स के जवानों का पहरा**

बुलाकर तैनात कर दी गई है। झगड़े की संभावनाओं को कम करने के मकसद से परिसर में पुलिस के जवान नजर रखे हुए हैं। छात्रावासों में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब पौने नौ बजे ही समरहिल चौक पर खड़े एसएफआई और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के बीच पहली भिड़ंत की घटना हुई। उस समय छात्राएं भी इसमें शामिल रहीं। गेट पर पहले से मौजूद पुलिस और विवि सुरक्षा कर्मियों ने आपस में किसी बात को लेकर भीड़ने लगे कार्यकर्ताओं के बीच में जाकर उन्हें इधर-उधर किया और मामला शांत किया। इसके बाद परिसर में करीब 12:00 बजे पुस्तकालय के बाहर फिर से इन दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई और भिड़ंत शुरू हो गई। इसकी भनक लगते ही परिसर में बुलाए गए क्यूआरटी और पुलिस के जवानों ने हुड़दंग करने वाले कार्यकर्ताओं को कुलपति कार्यालय की ओर दौड़ाया। इन दोनों घटनाओं के बाद परिसर में तनाव बढ़ गया, देर शाम तक परिसर में पुलिस फोर्स के जवान पहरा दे रहे हैं।

**झड़प के बाद छात्रावासों में बढ़ाई सुरक्षा : जीडी शर्मा**

विश्वविद्यालय में शनिवार को छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं में दो बार हुई झड़प की पुष्टि करते हुए विवि के मुख्य सुरक्षा अधिकारी डीएसपी जीडी शर्मा ने कहा कि इन दोनों झड़पों में किसी को कोई चोट नहीं आई है।

परिसर में एक रिजर्व और क्यूआरटी तैनात की है, जो पूरे माहौल पर नजर रखे हुए है ताकि माहौल शांतिपूर्ण बना रहे। उन्होंने कहा कि इन झड़पों के बाद छात्रावासों में भी सुरक्षा बढ़ाई जा रही है।

## तीन दिन से सड़क दुर्घटना का शिकार पशु अंतिम सांसें गिनने को मजबूर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कोटखाई में तीन दिन से सड़क दुर्घटना का शिकार एक घायल गौ वंश बिना उपचार एवं स्थाई सरंक्षण के अपनी अंतिम सांसे गिनने को मजबूर है। जिस्म का कोई ऐसा अंग नही जहां सर से पांव तक चोट न लगी हो, जिस्म के घाव से बहती लहू की धारा घायल गौवंश की पीड़ा को दर्शाती हैं परंतु मानव सेवा कोटखाई द्वारा तत्कालीन एसडीएम महोदय कोटखाई को तीन बार लिखित सूचना देने एवं व्हाट्स एप के माध्यम से भी सूचना एवं घायल गौवंश की वीडियो प्रदान की गई। परन्तु स्थानीय प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है, न ही घायल गौवंश का उपचार करवा पाया है न ही स्थाई सरंक्षण के लिए कोई उचित उपाय।

उल्लेखनीय है कि करीब तीन दिन पहले मानव सेवा कोटखाई ने घायल गौवंश को दुर्घटना स्थल से

**न प्रशासन खुद कर रहा बेजुबान घायलों का सरंक्षण और न मानव सेवा कोटखाई को करने दे रहा**

रेस्क्यू कर एक वर्षाशालिका में रख दिया तत्पश्चात एसडीएम महोदय कोटखाई से बार बार लिखित आग्रह कर प्राथमिक उपचार एवं स्थाई सरक्षण का आग्रह किया, किंतु घायल गौ वंश तीन दिन से अपनी अंतिम सांसे गिनने को मजबूर है।

धयानार्थ यह कि मानव सेवा कोटखाई ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यालय के आदेश पर ग्राम पंचायत महासु के चंदर नगर में सरकारी भूमि पर नियमों का पालन करते हुए एक अस्थाई शेड बना रखा हैं जिसमें दुर्घटना स्थल से रेस्क्यू कर उपचार तथा स्थाई सरंक्षण किया जाता है परन्तु एसडीएम ने एक तरफा कार्यवाही करते हुए संस्थान को ब्लैक लिस्ट कर दिया।

## शहरी क्षेत्रों में लोगों को रोजगार देगा नगर निगम

अनंत ज्ञान, शिमला। नगर निगम शिमला ने शहरी क्षेत्रों में लोगों को रोजगार देने का निर्णय लिया है। इसे लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए मनरेगा की तर्ज पर लोगों के जॉब कार्ड बनाए जाएंगे। नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान का कहना है कि नगर निगम ने सरकार को शहरी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए प्रस्ताव भेजा था। इसे मंजूरी मिल चुकी है।

## नशे की समस्या पर अधिवेशन 8 को मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री करेंगे शिरकत

अनंत ज्ञान, शिमला

अंतरराष्ट्रीय सक्षरता दिवस के मौके पर साक्षरता अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने वाला राज्य ज्ञान विज्ञान केंद्र नशे से युवाओं को बचाने के लिए ठोस नीति तैयार करने और इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए अधिवेशन का आयोजन 8 सितंबर को कर रहा है।

अधिवेशन शिमला के बचत भवन में होगा जिसमें मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह बतौर मुख्यातिथि और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर के आलावा नशे पर काम करने वाले सभी संबंधित विभाग, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाएं व इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील शहरी भी हिस्सा लेंगे। अधिवशन का उद्देश्य नशे क्व खिलाफ काम कर रहे सभी विभागों, संस्थाओं और व्यक्तियों को एक मंच पर लाना है।

## सीमा नर्सेंज फेडरेशन की राज्य प्रभारी नियुक्त

अनंत ज्ञान, शिमला



ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने सीमा बरागटा को हिमाचल प्रदेश राज्य समिति की राज्य प्रभारी नियुक्त किया है। सीमा बरागटा हिमाचल सरकार के नर्सिंग कॉलेज आईजीएमसी, शिमला में एक प्रतिष्ठित सिस्टर ट्यूटर कम क्लिनिकल इंस्ट्रक्टर हैं।

उन्हें नर्सिंग पेशे में उनके असाधारण योगदान के लिए जाना जाता है। सीमा बरागटा की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश में फेडरेशन की उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्य प्रभारी के रूप में सीमा बरागटा प्रदेश में नर्सों को सम्मान, अधिकार और समर्थन के लिए अहम जिम्मेदारी निभाएगी और समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। सीमा बरागटा ने बताया कि ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन एक राष्ट्रीय संगठन है जो पूरे भारत में पंजीकृत नर्सों के कल्याण और हितों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

उन्होंने कहा कि यह फैडरेशन नर्सों के नेटवर्क बनाने, ज्ञान साझा करने और अपने अधिकारों की वकालत करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

## कोटखाई की बेटी साफ्टबॉल खेल में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

कोटखाई, भरत ठाकुर



महिला साफ्टबाल एशिया कप 2024 का आयोजन 15 अक्टूबर 2024 से 19 अक्टूबर 2024 चीन के थाईचुग शहर में होने जा रहे हैं।

भारतीय साफ्टबॉल टीम में गुम्मा निवासी कुमारी निकिता चौहान सुपुत्री राजपाल चौहान व प्रतीक्षा चौहान की बेटी का इस खेल में चयन हुआ है। यह प्रदेश से एकमात्र खिलाड़ी है जो अतंरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का हिस्सा बनी है। यह छात्रा पूर्व में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा की छात्रा रही है। बेटी की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## देइया-घाला में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा। विद्युत उपमंडल नेरवा के अंतर्गत 22 केवी नियंत्रण केंद्र नेरवा से देइया फीडर के आवश्यक रख रखाव के चलते देइया, कटांह, बोहराड़ एवं घाला में प्रात: 10:00 से शाम 6:00 बजे तक,जबकि शिहकयार में दस से दो बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता विद्युत इकाई नेरवा भारत भूषण ने सभी उपभोगताओं से सहयोग की अपील की है।

## कांग्रेस को गारंटियां पलटने की आदत : नंदा

अनंत ज्ञान, शिमला

भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं को अपनी गारंटियों से पलटने की आदत सी हो गई है।

कांग्रेस के मंत्री धनीराम शांदिल ने जानकारी दी की अब परिवार की सिर्फ एक ही महिला को मिलेंगे 1500 रुपए। जब सत्ता में आना था तो सभी कांग्रेस के नेताओं ने महिलाओं से वादा किया था की हिमाचल के सभी महिलाओं को 1500 रुपए मिलेंगे, घर में चाहे 6 महिलाएं हो उन सबको मिलेंगे और अब यह पलटू सरकार अपने वादे से पलट गई है।

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, महिलाओं को परेशान करने वाली योजना बनकर रह गई है। विपक्ष के सभी नेताओं ने भी सरकार पर चुनावी गारंटी को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। नंदा ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपनी गारंटी में 18 से 60 वर्ष की महिलाओं को 1,500 रुपए देने की बात कही थी।

## शालवी नदी में मिला शव

सपना सूद,नेरवा/चौपाल। नेरवा पुलिस ने शालवी नदी से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद की है। लाश आठ से दस दिन पुरानी लग रही है तथा क्षत-विक्षत हालत में है। मृतक का कद लगभग 5 फुट 5 इंच, गोलाकार चेहरा है। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। शव को पोस्टमॉर्टम हेतु शिमला भेज दिया है। एसएचओ नेरवा पंकज शर्मा ने बताया कि शव को तीन दिन तक आईजीएमसी शिमला में शिनाख्त के लिए रखा जाएगा ।

## चार छात्राओं को पुरस्कार में दीं साइकिलें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर




बच्चों को प्रोत्साहित करके उनमें शिक्षा के प्रति जुनून पैदा करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही बिलासपुर की चेतना संस्था के तत्वावधान में शनिवार को निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एसवीएम रौड़ा और एसवीएम निहाल में आयोजित प्रतियोगिताओं में सीनियर विंग की 4 छात्राओं को साइकिलें और जूनियर विंग की 2 बच्चियों को ईयर पॉड, 500-500 रुपए की नकद राशि व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने पुरस्कार भेंट किए।

बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से चेतना संस्था कई तरह की गतिविधियां आयोजित कर रही हैं। गत शुक्रवार को बिलासपुर में डॉ. एनएल नड्डा क्विज कंपिटिशन आयोजित किया गया था, जिसमें 23 स्कूलों की 102 टीमों के माध्यम से 204 बच्चों ने भाग लिया था। पहले तीन विजेताओं को क्रमश: 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार रुपए की नकद राशि ईनाम के रूप में दी गई थी। इसी कड़ी में शनिवार को एसवीएम रौड़ा व एसवीएम निहाल के बच्चों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एसवीएम रौड़ा में सीनियर विंग में जमा दो कक्षा की सिमरन व शगुन ने पहले दो स्थान हासिल किए। उन्हें पुरस्कार के रूप में साइकिल भेंट की गई। जूनियर विंग में पहला व दूसरा स्थान हासिल करने वाली श्रद्धा व सुप्रिया को ईयर पॉड, 500-500 रुपए की नकद राशि व स्मृति चिन्ह देकर नवाजा गया। वहीं, एसवीएम निहाल में पहले व दूसरे स्थान पर रही दसवीं कक्षा की खुशी व वंशिका को भी साइकिल दी गई। हरीश नड्डा ने कहा कि चेतना संस्था अपने सभी सामाजिक दायित्व निभाने का ईमानदारी से प्रयास कर रही है। बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा दी जानी बेहद जरूरी है। इससे वे नशे समेत अन्य बुरी आदतों से दूर रहकर अपना भविष्य संवार सकते हैं। उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही कई तरह की प्रतियोगिताएं भी करवाई जा रही हैं। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि वे जीवन में सफलता हासिल करने के लिए ईमानदारी से कड़ी मेहनत करें। इस मौके पर एसवीएम रौड़ा के प्रिंसीपल अश्विनी ठाकुर, प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, एसवीएम निहाल की प्रिंसीपल रीना व प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुधीर गौतम समेत अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

## सीएचसी पंजगाई में नहीं एक्स रे टेक्नीशियन, मरीज परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंजगाई में एक्स-रे रूम पर ताला जड़ा है। तकनीशियन का पद खाली होने से अस्पताल में एक्स-रे सुविधा नहीं मिल रही है। इससे मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत पंजगाई के पूर्व प्रधान सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि अस्पताल में एक्स-रे मशीन है। मशीन ऑपरेट करने वाले कर्मचारी का पद खाली है।

इस कारण एक्स रे रूम पर ताला जड़ा है। मरीज एक्स-रे कराने के लिए रूम तक जाते हैं और ताला देखकर लौट आते हैं। मरीजों को यहां से बिलासपुर या फिर सुंदरनगर में एक्स-रे कराने को विवश होना पड़ रहा है। स्थानीय

> अस्पताल में एक्स-रे टेक्नीशियन का प्रमोशन होने के चलते पद खाली है। पद भरने के लिए उच्च अधिकारियों को सूचना दे रखी है।
>
> -डॉ. अनन्या ठाकुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंजगाई।

लोगों का भी कहना है कि एक्स-रे मशीन ऑपरेट करने वाला कर्मचारी के प्रमोशन होने के बाद किसी अन्य कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने से समस्या हो रही है। पंचायत के पूर्व प्रधान सुशील शर्मा ने जिला प्रशासन व सरकार से यहां पर अति शीघ्र एक्स-रे टेक्नीशियन के पद को भरने की मांग की है।

## वंशज व अत्यंत खेलेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

नीरज शर्मा, घुमारवीं



मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के दो छात्र राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवाड़ा में 3 से 6 सितंबर तक चली अंडर-14 छात्र जिला स्तर की खेल प्रतियोगिता में मिनर्वा स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में वंशज ठाकुर और चेस प्रतियोगिता में अत्यंत सिंह मल्होत्रा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। नादौन में 25 से 29 अक्तूबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिता में ये दोनों छात्र खिलाड़ी भाग लेंगे। वहीं, जिला स्तर की प्रतियासेगिता में भाग लेकर लौटे सभी खिलाड़ियों को स्कूल में सम्मानित किया गया।

स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बताया कि जिला स्तर की प्रतियोगिता के दौरान समूह गान में स्कूल के छात्रों ने दूसरा स्थान झटका है। शॉट पुट में वंशज ठाकुर ने पहला और आदित्य मोहन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। डिस्कस थ्रो में वंशज ने पहला स्थान हासिल किया। रिले रेस में वंशज ठाकुर, नैतिक नेगी, अभिमन्यु ने दूसरा, 400 मीटर दौड़ में शिवांश नड्डा ने दूसरा स्थान झटका है। 100 मीटर दौड़ में शिवांश नड्डा और 200 मीटर दौड़ में वंशज ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सामूहिक गीत में भी मिनर्वा दूसरे स्थान पर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## बड़गांव में गुगा जाहरवीर मेले का शुभारंभ

निक्कू राम, बरठीं



ग्राम पंचायत बड़गांव में गुगा जाहरवीर मेले का शुभारंभ कैप्टन करतार सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। मुख्यातिथि द्वारा मेले का शुभारंभ गुग्गा जाहरवीर की पूजा-अर्चना कर एवं टमक पर थाप देकर किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि मेले हमारी परंपरा धरोहर हैं, इनको संजोकर रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। वहीं, स्पेशल गेस्ट बीडीओ झंडूता संजय पुरी ने मेले की प्रशंसा करते हुए प्रधान ग्राम पंचायत बड़गांव एवं समस्त ग्राम पंचायतवासियों को मेले की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधान निकु राम ने मुख्यातिथि, स्पेशल गेस्ट एवं जनता एवं अन्य सभी का आर्थिक अभिनंदन एवं धन्यवाद किया और जनता का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि 7 और 8 सितंबर को नाइट प्रोग्राम का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बाहर से लगभग 45 कलाकार भाग लेंगे। इस मौके पर बीडीओ झंडूता संजीव कुमार पुरी, ब्लॉक के वीरेंद्र चड्ढा, विजय कुमार अत्री, राजकुमार, मनोज कुमार, विपन कुमारी, सदस्य को-ऑपरेटिव सोसाइटी के प्रधान मनोज लखा, उपप्रधान ईश्वर विजय कौंडल जीवन बिलासपुरी भूपेंद्र एवं अन्य गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## दधोल स्कूल बना बास्केटबॉल चैंपियन

अनंत ज्ञान, दधोल



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल की बास्केटबाल टीम ने 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। यह प्रतियोगिता 3 सितंबर से 6 सितंबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवाड़, जिला बिलासपुर में आयोजित की गई थी। दधोल स्कूल की टीम ने फाइनल मैच में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाणा की टीम को 41-24 के अंतर से पराजित किया। इस जीत के साथ, कुल 8 खिलाड़ियों में से पांच खिलाड़ियों रजनीश, अभिषेक, अरनव, आर्यन और सौरभ का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है। पाठशाला में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।

**पर्यटन** विधानसभा में बोले सीएम, कोल डैम भी पर्यटन की दृष्टि से देश के मानचित्र पर उभरेगा

## कोल डैम में जल्द चलेंगे क्रूज और शिकारे : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



जिला बिलासपुर का कोल डैम भी पर्यटन की दृष्टि से देश के मानचित्र पर उभरेगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को विधानसभा से किया। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर को पर्यटन की दृष्टि से ऐसा विकसित शहर बनाया जाएगा, जहां लोग कई दिनों तक रहना पसंद करेंगे। जानकारी देते हुए उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि कोल डैम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद कोल डैम में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इसके अतिरिक्त इस पूरे क्षेत्र में कोल डैम से लेकर तातापानी तक अन्य पर्यटन की संभावनाओं को भी तलाशा जा रहा है, ताकि जिला बिलासपुर पर्यटन का हब बन सके। बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि गोबिंदसागर झील में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज जल्द ही शुरू की जा रही हैं, जिसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अब इन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। अभी तक जैट स्की, हाईटैक मोटरबोटें और रेस्क्यू बोट्स इत्यादि बिलासपुर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि झील में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तो वहीं, ज्यादा से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि पंद्रह सितंबर तक जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, उसके बाद यह एक्टिविटीज आरंभ हो जाएंगी।

# संचूई निवासी शिव गुरों ने चौरासी परिसर में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में डाला डेरा



शनिवार को त्रिलोचन महादेव के वंशज व भरमौर के संचूई निवासी शिव गुरों ने चौरासी परिसर में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में डेरा डाल दिया है। यहां शिव गुरु अगले दो दिनों तक बैठकर मणिमहेश जाने वाले श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। 9 सितंबर को चेले संचूई गांव से मणिमहेश के लिए रवाना होंगे



हिमाचल के मंडी की पारंपरिक वेशभूषा में नन्ही परी

## मणिमहेश झील



मणिमहेश झील हिमाचल प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थालों में से एक बेहद सुंदर झील है जो, बुद्दिल घाटी में भरमौर से 21 किलोमीटर दूर स्थित है। हर साल, भाद्रपद के महीने में इस झील पर एक मेला आयोजित किया जाता है, जो लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है, जो पवित्र जल में डुबकी लेने के लिए इकट्ठा होते हैं।

## सुमित्रा महामाई



मंडी जिले के सुंदरनगर में स्थित रियासत कालीन मंदिर में सुमित्रा महामाई की अद्भुत, अनोखी और मनमोहक प्रतिमा।

## देवता वीरनाथ का रथ



कुल्लू जिले के कटराई क्षेत्र के आराध्य देवता वीरनाथ के नए बनाए गए थान की प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर देवता वीरनाथ का रथ।

## बाबा भूतनाथ मंदिर



मंडी शहर में रियासत काल में 1527 ईस्वी में स्थापित बाबा भूतनाथ मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग पर किया गया फल श्रृंगार का अद्भुत नजारा



जिला कुल्लू के मनाली स्थित शिरढ व अरछंडी गांव में इतिहास का पहला जोग के अवसर पर उपस्थित लोग।

## 28वां भगवती जागरण



जिला कुल्लू के भुंतर में गत रात शुक्रवार को भगवती जागरण कमेटी की ओर से आयोजित 28वें भगवती जागरण के अवसर पर लोक कलाकार भजन सुनाते हुए। शोभायात्रा के साथ पावन ज्योति कुल्लू से भुंतर लाई गई। शोभायात्रा से कुल्लू और भुंतर शहर का माहौल भक्तिमय रहा। महिला मंडलों की महिलाओं और श्रद्धालुओं ने कुल्लू का पारंपरिक लालड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। गणपति पूजन, ज्योति पूजन और कलश पूजन से जागरण आरंभ किया।



# शिवनगरी बैजनाथ में की गणपति बप्पा की मूर्तियों की स्थापना

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



बैजनाथ शिव मंदिर पार्किंग में तथा पंडोल रोड बैजनाथ में शनिवार को गणपति बप्पा की मूर्तियों की स्थापना की गई । 7 सितंबर से 16 सितंबर तक चलने वाले इस गणेश महोत्सव में रोजाना रात को नामी कलाकारों द्वारा भजन संध्याओं का भी आयोजन किया जाएगा । गणेश उत्सव पंडोल रोड के अध्यक्ष मनोज कपूर ने बताया कि इस बार अमरिंदर बॉबी तथा माशा अली के अलावा इशांत भारद्वाज, काकू शर्मा तथा सुनील राणा गणेश महोत्सव पंडोल रोड के मुख्य आकर्षण रहेंगे। दिन में तीन से पांच बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

रात को रोजाना भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मनोज कपूर ने बताया कि गणेश विसर्जन बिनबा नदी में 16 सितंबर को किया जाएगा। वहीं, युवा गणेश मंडल के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि इस बार गणेश महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को तरहीज दी गई है। उन्होंने बताया कि इसकी मुख्य वजह उभरते हुए हिमाचली कलाकारों को एक बढ़िया मंच उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। रोजाना भजन संध्या के साथ-साथ आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। गणेश विसर्जन 15 सितंबर रविवार को किया जाएगा। गणेश मूर्ति स्थापना से पहले आज महिलाओं द्वारा बैजनाथ बाजार में कलश यात्रा भी निकाली गई । इस गणेश महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका आयोजन बिना किसी सरकारी सहायता के बिना किया जाता है। इसके अलावा बैजनाथ उपमंडल के नोरा गांव नवोदय स्कूल पपरोला धार चढियार तथा आसपास की अन्य जगहों पर भी भगवान गणेश की मूर्तियां स्थापित की गईं। (अनंत ज्ञान)

# डल लेक में राधाष्टमी पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आयोजित : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने विकासात्मक प्रदर्शनी लगाने के भी विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर डल लेक में राधाष्टमी पर्व पर 11 सितंबर को एक दिवसीय मेले का इस बार भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। मिनी सचिवालय में डल लेक में राधाष्टमी मेले की तैयारियों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि डल लेक में राधाष्टमी पर्व पर स्नान करना धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा है। इस स्थान पर मणिमहेश के समतुल्य ही स्नान के महत्व का धार्मिक ग्रंथों में भी उल्लेख मिलता है।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार ने कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है इसी दृष्टि से डल लेक में आयोजित किए जाने वाले राधाअष्टमी पर्व को भव्य रूप प्रदान किया जाएगा इस के लिए पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विकासात्मक प्रदर्शनियां आयोजित करने का निर्णय भी लिया है तथा भविष्य में तीर्थाटन की दृष्टि से भी यह पर्व कारगर साबित हो सके और डल लेक और प्राचीन दुर्वेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हो सके। केवल सिंह पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए मंदिर न्यास के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करें तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारी तैनात करें ताकि मेले का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सभी विभाग अपने अपने विभागों से संबंधित विकासात्मक प्रदर्शनी भी लगाएं ताकि आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके। पठानिया ने जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए पेयजल की बेहतर व्यवस्था तथा साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं झेलनी पड़े इसी के साथ पुलिस प्रशासन को यातायात तथा कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले एसडीएम संजीव भोट ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए डल मेले की तैयारियों को लेकर आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## हैप्पी बर्थडे



भोरंज के गांव डूहका के शुभम को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## मेघालय का किया दौरा

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश के पालमपुर स्थित सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान की एक टीम ने मेघालय के शिलांग स्थित प्राकृतिक संसाधन संस्थान (आईएनआर) के सहयोग से 3 और 4 सितंबर को सगंध फसलों की खेती और प्रसंस्करण तकनीकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्वी खासी हिल्स जिले के मावसिनराम ब्लॉक के फ्लांगवानब्रोई गांव और पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले के लास्केन ब्लॉक के 40 से अधिक स्थानीय जनजाति किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को विशेष रूप से सगंधीय फसलों की कृषि पद्धतियों और कटाई के बाद प्रसंस्करण के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे इस क्षेत्र में आजीविका सुधारने की काफी संभावनाएं हैं। इसके अलावा, सीएसआईआर-आईएचबीटी की टीम ने आईएनआर के कर्मचारियों के साथ किसानों के खेतों का दौरा किया, जहां उन्होंने फसल की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन किया और व्यावहारिक प्रदर्शन दिए।

# घर-घर तक पहुंचाया जाएगा सुरक्षित भवन निर्माण का संदेश : एडीएम

## 13 अक्तूबर को आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. हरीश गज्जू ने कहा कि कांगड़ा जिला में अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 13 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि आपदा प्रबंधन को लेकर सभी नागरिक सजग और सतर्क रहें।

शनिवार को एनआईसी सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. हरीश गज्जू ने कहा कि आपदा न्यूनीकरण दिवस पर स्कूलों में आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा सभी पंचायतों में सुरक्षित भवन निर्माण के लिए संदेश पहुंचाया जाएगा इसमें सभी पंचायत प्रधान, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, पंचायत स्तर पर सरकारी अधिकारी, प्रशिक्षित मिस्त्री, स्वयंसेवी संस्थाएं हर घर तक सुरक्षित निर्माण के बारे में जानकारी पहुंचाएंगे। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में उन्होंने कहा कि आपदाओं से बचाव के लिए पूर्व तैयारियां अत्यंत जरूरी हैं इससे ताकि आपदा से होने वाले नुक्सान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला में आपदा प्रबंधन को लेकर स्कूल स्तर तथा पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान आरंभ किए गए हैं।

# बच्चा किडनैप करने वाले दो और आरोपी काबू

## पंजाब पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को गोवा से किया गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

पंजाब के पठानकोट में बीते सप्ताह एक बच्चे का अपहरण हुआ था। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बच्चे को सही सलामत बरामद कर लिया था। अब बच्चे के अपहरण मामले में फरार चल रहे दो आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं।

दोनों आरोपी गोवा से गिरफ्तार किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में बीएसएफ का बर्खास्त कांस्टेबल अमित राणा और दूसरा आरोपी रिषभ है। दोनों आरोपी वारदात के बाद से फरार हो गए थे। इससे पहले पुलिस ने मुख्य आरोपी अवतार और समशेर को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, बीएसएफ से डिसमिस कांस्टेबल हिमाचल प्रदेश के नूरपुर का रहने वाला अमित राणा और रिषभ फरार हो गए थे।

डिवीजन नंबर-2 एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि दोनों ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए अपने खुद के यूपीआई आईडी तैयार की। इसके बाद दोनों बस और अन्य गाड़ियों के माध्यम से दिल्ली से गोवा पहुंचे। हालांकि दिल्ली में पंजाब पुलिस की सीआईडी यूनिट दोनों का पीछा कर रही थी। जब आरोपी गोवा पहुंचे तो पुलिस ने गोवा पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस आरोपियों को कर रही थी ट्रैक

**आरोपी** अमित राणा और रिषभ के फरार होने के बाद से पठानकोट थाना डिवीजन नंबर. 2 की पुलिस दोनों को ट्रैक कर रही थी। डिवीजन नंबर-2 एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि वारदात के बाद दोनों आरोपी जंगल के रास्ते हाइवे तक पहुंचे। वहां से वे बस से चंबा पहुंचे। चंबा से दोनों ने चंडीगढ़ के लिए बस पकड़ी। चंडीगढ़ से ये दोनों दिल्ली की बस में सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने पहले दोनों का डिजिटल फूट प्रिंट ट्रैक किया, जिससे आरोपियों के दिल्ली तक पहुंचने का पता चल गया।

### आरोपी रिषभ के पास दुबई का वीजा मिला

**पुलिस** ने बताया कि आरोपी रिषभ के पास दुबई का वीजा भी था, जो दिल्ली में किसी एजेंट के पास रखा हुआ था। आरोपी दुबई भागने की फिराक में था। इससे पहले ही पुलिस ने दोनों को शुक्रवार रात गोवा में गिरफ्तार कर लिया। गोवा में आरोपी एक जगह से दूसरी जगह भागने के लिए बस में सवार थे। पुलिस ने दोनों को बस से ही गिरफ्तार किया है। अभी दोनों आरोपी गोवा की कुंकली पुलिस की हिरासत में है। पठानकोट पुलिस दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आएगी।

# फोर्टिस के ईएनटी विशेषज्ञ कल पालमपुर में देंगे चिकित्सा परामर्श

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को वेधांता क्लीनिक, यशिता मल्टीप्लेक्स, राम चौक, घुग्गर में स्पेशल ओपीडी आयोजित कर रहा है, जिसमें प्रत्येक शनिवर को प्लास्टिक, कॉस्मेटिक, रिकंट्रक्टिव, बर्न्स एवं हैंड सर्जरी तथा प्रत्येक सोमवार को कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। प्लास्टिक सर्जन डॉ. (मेजर) राकेश कौंडल ने कहा कि इस ओपीडी में दुर्भाग्यवश हादसे में जल जाने के कारण हाथ, पैर एवं गर्दन इत्यादि में आने वाली अपंगता, जिसके चलते उनका काम करना, ठीक तरीके से चलना-फिरना या खाना-पीना भी असंभव हो, उनका इलाज एवं परामर्श उपलब्ध रहेगा।

इसके अलावा मुंह एवं जबड़े की चोटों एवं फ्रैक्चर का भी प्लास्टिक सर्जरी विभाग में इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि चेहरे पर उगे बाल, घाव के निशान, मस्से, झुर्रियां, पिंपल, चेहरे की आभा को फीका कर देते हैं, लेकिन अब कॉस्मेटिक सर्जरी व लेजर तकनीक के जरिए इन परेशानियों से निजात पाना आसान है। साथ ही शरीर पर अनचाहे बालों को हटाना, चेहरे के निशानों को हटाना, झाइयां, मोटापा घटाना, गायनोकोमेस्टिया सर्जरी, झुर्रियां, चेहरे पर लाइनें व गड्ढे, टैटू रिमूव करने, राइनोप्लास्टी (नाक की हड्डी की सर्जरी) के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपचार उपलब्ध करवाया जाता है।

इसके अलावा ईएनटी विशेषज्ञ द्वारा कान, नाक एवं गले से संबंधित हर रोग पर इस ओपीडी में परामर्श उपलब्ध है। इस बारे में फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव दीपक लट्ठ ने कहा कि इस ओपीडी का उद्देश्य पालमपुर के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य परामर्श घर-द्वार तक पहुंचाना है। (अनंत ज्ञान)

## प्राकृतिक खेती पर नेरवा में की कार्यशाला

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में की पहल के सामाजिक प्रभावों का आकलन करने और रणनीति विकसित करने के प्रयास में शिमला जिले के नेरवा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, फ्रेंच रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर एग्रीकल्चर, फूड एंड एनवायरनमेंट (ढ्ढ्ढ श्व) और कृषि विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा चौपाल नेचुरल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के हितधारकों के लिए आयोजित किया गया। यह आयोजन यूरोपीय आयोग द्वारा वित्त पोषित एग्रो इकोलॉजिकल प्रोटेक्शन टुवर्ड्स इंटरनेशनल को-इनोवेशन डायनामिक्स एंड एविडेंस ऑफ सस्टेनेबिलिटी परियोजना का हिस्सा था। इसमें 12 देशों के 15 सदस्य शामिल हैं, जिनमें नौणी विश्वविद्यालय भी शामिल है। यह परियोजना प्रत्येक सदस्य देश से एक सस्टेनेबल एग्रो इकोसिस्टम का अध्ययन कर रही है। हालांकि इस परियोजना के तहत भारत से दो सस्टेनेबल एग्रो इकोसिस्टम-ग्राम दिशा ट्रस्ट और चौपाल नेचुरल फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी का अध्ययन किया जा रहा है।

# सराहां कॉलेज में किया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सराहां में युवा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पच्छाद एवं महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय सभागार में एक व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।

प्रो. सुदेश तोमर ने सभी का विधिवत रूप से स्वागत किया। इसके बाद नशा निवारण एवं एचआईवी एड्स की रोकथाम विषयों पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में अपने विचारों को प्रस्तुत किया। नशा निवारण विषय पर साक्षी ने प्रथम, आशीष ने द्वितीय जबकि अमिता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि, एड्स की रोकथाम विषय पर आरती कुमारी ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय एवं मंजू शर्मा ने तृतीय स्थान झटका। इसमें डॉ. रजत मित्तल ने नशा निवारण विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया जबकि डॉ. शक्ति कुमार ने युवा दिवस की अहमियत को बताते हुए एड्स की रोकथाम विषय पर भी प्रकाश डाला।

तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को अपना संदेश दिया तथा मुख्यातिथि के साथ मिलकर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

# मटौर स्कूल में अंडर-19 खेलों का आगाज

## डीएसपी अंकित शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, मटौर**



जोन कांगड़ा अंडर-19 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को राजकीय उत्कृष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में शुभारंभ हो गया। इस प्रतियोगिता में 30 स्कूलों के 347 विद्यार्थी विभिन्न खेलों में भाग लेंगे। चार दिवसीय खंड स्तरीय अंडर-19 लड़कों की कांगड़ा जोन प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन, खो-खो, कुश्ती तथा वालीबॉल खेलों का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने खंड स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का द्वीप प्रज्वलित कर आगाज किया। मुख्यातिथि द्वारा ध्वजारोहण तथा खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। स्कूल की छात्राओं ने गद्दी नृत्य सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद मुख्यातिथि डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने 30 स्कूलों से आए 347 खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए।

प्रतियोगिता के उद्घाटन पर राजकीय उत्कृष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा, मुख्याध्यापक जग भूषण, डीपीई रणजीत, पीटीई प्रवीण, मटौर पंचायत प्रधान कैप्टन निर्मल सिंह, प्रधानाचार्य राजेश पराशर, ओल्ड कांगड़ा स्कूल के प्रधानाचार्य रमन शर्मा, मटौर स्कूल एसएमसी प्रधान राजेश, फुटबॉल कोच राजेश कुमार, मटौर स्कूल के शिक्षक व स्टाफ सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**सूरत-ए-हाल** घुमारवीं हॉस्पिटल की क्रस्ना लैब के बाहर मरीजों को घंटों खड़े होकर करना पड़ रहा बारी का इंतजार

# अस्पताल में लैब के बाहर मरीजों के बैठने की व्यवस्था नहीं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



> मामले की ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन अगर लैब के बाहर मरीजों के बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है तो अस्पताल अधिकारियों को जल्द ही बैठने की व्यवस्था बनाने के लिए कहा जाएगा, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।
> -डॉ. प्रवीण चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर

सिविल हॉस्पिटल घुमारवीं में पैथोलॉजी लैब में ओपीडी में आने वाले मरीज के रूटीन में होने वाले टेस्ट बंद कर दिए गए हैं। मरीजों को अस्पताल में स्थित क्रस्ना लैब में भेजा जा रहा है। जहां मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा वहां पर मरीजों के बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। इससे मरीज जमीन पर बैठने को मजबूर हैं।

सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों तथा महिलाओं को आ रही है, जो लाइन में लगने में असमर्थ हैं। इस अव्यवस्था के चलते उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। शुक्रवार से घुमारवीं अस्पताल में इस लैब को मरीजों की खून की जांच का जिम्मा सौंपा गया है, लेकिन लैब के बाहर मरीजों के बैठने की अस्पताल कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाया है। लोगों की यह भी शिकायत है कि इस लैब के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा जो स्थान दिया गया वह अस्पताल के बिलकुल पीछे है और लोगों को इस लैब को ढूंढने में मुश्किलें आती है, जिसके चलते मरीज पूरे अस्पताल का चक्कर लगाते रहते हैं । जैसे-तैसे लैब तक पहुंचने के बाद वहां के हालात ऐसे हैं कि देखकर मरीज की हालत और ज्यादा खराब हो जाए । लैब के साथ बनाया गया शौचालय में भी साफ नहीं है।

बताते चलें कि घुमारवीं सिविल अस्पताल में महिला रोग, दंत रोग, हड्डी रोग और सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बैठते हैं। गर्भवती महिलाओं और अन्य लोगों को समय-समय पर खून आदि की जांच करवानी पड़ती है। लेकिन शुक्रवार से अस्पताल की अपनी लैब में रिजेंट की कमी के चलते मरीज को इस लैब में भेजा जा रहा है। लैब में हर दिन 100 से अधिक मरीजों की जांच की जा रही है। एक मरीज को जांच के लिए करीब 10 से 15 मिनट लगते हैं। ऐसे में अगर किसी बुजुर्ग या गर्भवती महिला को इंतजार करना पड़े तो उसके बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। एक तरफ तो सरकार बेहतर स्वस्थ का एजेंडा लेकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने का दावा करती है लेकिन दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों में हालात अभी भी जस के तस बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिपोह मिसरां के विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में आयोजित तीन दिवसीय खंड स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में शतरंज के फाइनल मुकाबले में अर्पित, सूजल, आयुष, शुभम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी जीती। प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों के साथ जोड़ना जरूरी है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी अहम योगदान होता है। इससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उन्होंने बच्चो सहित उनके अभिभावकों व स्कूल स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। इस मौके पर राकेश कुमार, सुरजीत कुमारी, अरुण कुमार, संजय डोगरा, मुकेश कुमार, रोमी, बलवीर सिंह, ज्योति, अंजू, कुसुम, पूनम, विशाल धीमान आदि उपस्थित रहे।

### ऊना जिले में 14 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला एवं सत्र न्यायालय ऊना और उपमंडल अंब स्थित न्यायालय परिसर में 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएंगी। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिता शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में अपराधिक कंपाउंडेबल व दीवानी विवाद, चेक बाउंस, धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, उपभोक्ता शिकयत मामले, मोटर वाहन चालन के मामलों में धन वसूली इत्यादि की सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले तथा भूमि अधिग्रहण के मामले भी सुनवाई कर निपटाए जाएंगे। अनीता शर्मा ने कहा कि जो मामले अब तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं, उनका निस्तारण भी आपसी सुलह व समझौते के आधार पर प्री-लोक अदालत में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों के निपटारे के लिए शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय ऊना व जिला के सभी न्यायालयों में आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए 01975-225071 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बेहड़ जसवां स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेहड़ जसवां में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर का उद्घाटन स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य परसराम ठाकुर ने किया। यह शिविर 13 सितंबर तक चलेगा। इस शिविर के प्रभारी विजय कुमार और मंजू वाला की देखरेख में भिन्न-भिन्न गतिविधियां की जाएंगी। इस शिवर में 31 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं जिसमें 18 छात्राएं और 13 छात्र हैं। प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहना, शिक्षा का महत्व, खेलों से होने वाले लाभ, सामाजिक कार्यों में भाग लेना, जन कल्याण की भावना, बड़ों का आदर करना आदि मुद्दों पर बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने स्वयंसेवियों को इकट्ठे रहकर कार्य करने और घर से बाहर रहने की आदत डालने का भी एक साधन बताया। इस दौरान आसपास के जल स्रोतों की साफ-सफाई भी की गई।

## बिना नंबर तथा फटे हुए साइलेंसरों वाली बाइक चालकों पर हरोली पुलिस ने कसा शिकंजा

# तीन बाइक्स के उतारे साइलेंसर, कई बाउंड

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**



यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बाउंड किए गए वाहन।

हरोली पुलिस ने अब अगले दो महीने के लिए एक नया अभियान चलाया है, जिसमें बिना नंबर वाली किसी भी गाड़ी को इलाका में घूमने नहीं दिया जाएगा तथा जो बुलेट चालक बुलेट पटाखा /फटे साइलेंसर प्रयोग करते हैं, उनके साइलेंसर खुलवाए जाएंगे और अगर कोई कानून की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी

इसी कड़ी के तहत थाना प्रभारी सुनील कुमार अपनी टीम सहित कांगड़, सलोह, भदसाली, घालूवाल के क्षेत्र में पूरा दिन पेट्रोलिंग पर रहे और जो भी गाड़ियां बिना नंबर तथा जो भी बुलेट फटे हुए साइलेंसर प्रयोग करते मिले, उन सबको बारी-बारी सबक सिखाया। कुछ चालकों ने फटे हुए साइलेंसर खुद खोलकर पुलिस के पास जमा करवा दिए तथा कुछ ने चालान भरकर अपनी जान बचाई।

बिना नंबर दोपहिया वाहनों को पुलिस थाना में ले गई, जहां पर उनको कानून का पाठ पढ़ाकर कार्रवाई अमल में लाई गई। अक्सर देखने में आया है कि हरोली क्षेत्र पंजाब से सटा होने के कारण अपराधियों के टारगेट पर रहता है और अक्सर अपराधी यहां आकर वारदात को अंजाम देकर वापस चले जाते हैं। अभी तक की घटनाओं को अगर ध्यान कर लें तो ज्यादातर इन घटनाओं में जो भी मोटरसाइकिलों का ही प्रयोग किया गया है, वे सभी बिना नंबर पाई गई हैं, इसलिए अब सभी पंचायतों के साथ मिलकर यह निर्णय लिया गया है कि बिना नंबर बाइक तथा बिना नंबर किसी भी गाड़ी को इलाका में घूमने नहीं दिया जाएगा।

सभी रेहड़ी-फड़ी वाले व्यक्तियों को थाना में तथा संबंधित पंचायत में रजिस्टर करवा जाएगा। हरोली क्षेत्र की जनता से भी अपील की गई है कि बिना नंबर की बाइक कोई भी प्रयोग न करे तथा कोई भी व्यक्ति या युवक अपने किसी बुलेट में पटाका साइलेंसर का प्रयोग न करे, नहीं तो उन्हें अच्छे से सबक सिखाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## जिले के 11 परीक्षा केंद्रों में 3173 छात्र देंगे एचपी अलाइड सर्विस परीक्षा



डीसी जतिन लाल जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ संबद्ध सेवाएं परीक्षा को सुचारु और समन्वित तरीके से संपन्न करवाने को लेकर उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शनिवार को जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ संबद्ध सेवाएं परीक्षा 8 सितंबर को ऊना जिले के 11 परीक्षा केंद्रों में करवाई जाएगी, जिनमें कुल 3173 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इन परीक्षा केंद्रों में राजकीय आईटीआई ऊना (पीर निगाह रोड), राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बहडाला, रॉकफोर्ड डे बोर्डिंग पब्लिक स्कूल रक्कड़ कॉलोनी में परीक्षा केंद्र एक और दो, जीएसएसएस (ब्वॉयज) ऊना,

**आज सुबह 11 से 2 बजे तक सिंगल सैशन में होगी परीक्षा**

राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना, डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल विकास नगर ऊना, एलरमएनएच गर्ल्स राजकीय डिग्री कॉलेज कोटला खुर्द, जीएसएसएस (कन्या) और एसएसआरवीएम वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ऊना केंद्र एक और दो शामिल हैं।

परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सिंगल सैशन में आयोजित होगी। जतिन लाल ने बताया कि परीक्षा के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सीपीओ संजय सांख्यान, उपनिदेशक उच्च शिक्षा राजिंद्र कौशल और बीडीओ ऊना केएल वर्मा को निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया है।

## थानाकलां स्कूल में लगाए औषधीय पौधे, बताए शुद्ध पर्यावरण के लाभ



**लठियानी।** हिमाचल प्रदेश में मनाई जा रहे वन महोत्सव के चलते राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में स्वच्छ भारत अभियान के तहत पर्यावरण की शुद्ध करने हेतू चंदन के पेड़ स्कूल में लगाए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा की सभी बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लाभ बताए। उन्होंने बच्चों को बताया कि पर्यावरण दो शब्दों से बना है। परी और आवरण। परी का अर्थ होता है चारों व आवरण का अर्थ होता है गिरा हुआ। हम चारों ओर से पेड़ पौधों से घिरे हुए हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ देखभाल करना भी जरूरी है। इस मौके पर शिक्षक हंसराज, संदेश कुमारी, संयोगिता शर्मा, कांता शर्मा, आशा देवी, एनएसएस प्रभारी नंदलाल, राधिका धीमान, इको क्लब प्रभारी विनय धीमान, सतीश, हरेंद्र देव, विनोद, अमित व सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सड़क किनारे बने साइन बोर्ड झाड़ियों से छिपे, साफ-सफाई की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, घनारी**

दौलतपुर से गगरेट सड़क के किनारे सड़क सुरक्षा को लेकर लगाए गए साइन बोर्ड वर्तमान में किस तरह विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़े हैं, इसक उदाहरण घनारी के पास लगे इस साइन बोर्ड की वर्तमान दशा से उजागर होता है।

हैरानी की बात है कि यह बोर्ड 'आगे स्कूल है-धीरे चलें' के निर्देश सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तारी को कम करने व बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से सरकारी राजस्व से राशि खर्च करके लगाया गया है, लेकिन वर्तमान में जंगली घास भांग से पूरी तहत ढक चुका है। इसकी तरफ विभाग ने अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है, जिससे सड़क सुरक्षा कर दावे धरातल पर हवाई कहे जा सकते हैं। स्थानीय



घनारी के समीप साइन बोर्ड झाड़ियों से छिपा हुआ।

प्रबुद्ध वर्ग में सुरेश, सुभाष, मनोज, सोनी, रवि, मदन आदि ने जिला प्रशासन से लोक निर्माण विभाग को इस बोर्ड के आसपास की सफाई कराने के निर्देश देने की मांग उठाई है।

## लबीर चौधरी ने सरकार पर उठाए सवाल

**दौलतपुर चौक।** अंब में आयोजित किया जा रहे चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर पूर्व विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष बलबीर चौधरी ने कांग्रेस सरकार से सवाल किए हैं कि श्रद्धालुओं के पैसे से होने वाले इस महोत्सव को चिंतपूर्णी में क्यों नहीं मनाया जा रहा। श्रद्धालुओं के पैसे को श्रद्धालुओं के लिए ही खर्च क्यों नहीं किया जा रहा। साल में तीन मेले आयोजित होते हैं तो उस दौरान महोत्सव में मातारानी का गुणगान करना कितना अच्छा होता। यहां तो महोत्सव के नाम पर उगाही का काम चल रहा है। लोगों पर दबाव बना कर पैसे की उगाही की जा रही है जिससे किसी का भला होने वाला नहीं है।



## गुजरात की साहित्यकार संगोष्ठी में छाई हिमाचली महिलाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से गुजरात के बड़ताल आनंद में महिला साहित्यकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 6 वरिष्ठ साहित्याकार महिलाओं ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय सम्मेलन में कांगड़ा जिले की चार व ऊना जिला की दो महिलाओं ने भाग लेकर अपनी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

संगोष्ठी में नारी-गौरव, गरिमा और महिमा पर विस्तार से परिचर्चा हुई। महिला साहित्यकार सम्मेलन में देशभर की करीब 200 प्रतिभागी शामिल हुईं, जिन्होंने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। महिला साहित्यकार सम्मेलन में महामंडलेश्वर लक्ष्मी शंकर त्रिपाठी ने चीफ गेस्ट भाग लिया। हिमाचल प्रदेश की प्रांतीय अध्यक्षा डॉ. रीता



हिमाचली महिला कलाकारों की टीम, जो कि गुजरात दौरे पर गई हुई है।

सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के महिला साहित्यकार प्रतिभागीओं में कांगड़ा महिला इकाई अध्यक्ष शक्ति चड्ढा,, निष्ठा चड्ढा, मीडिया प्रभारी कांगड़ा, स्वर्णलता, संगीता गुप्ता, ऊना जिले से रजनीश कुमारी व स्वप्ना जसवाल द्वारा दी गई प्रस्तुतियों को सराहनीय करार दिया।

उन्होंने राष्ट्रीय मंच में प्रदेश की महिलाओं को शामिल किया जाना बेहतरीन निर्णय बताया, जिसमें महिलाओ को कविता, व्याख्यान, आध्यात्मिक चिंतन एवं गुजरात के लोक कलाकारों के द्वारा गायन, वादन, पारंपरिक नृत्य गरवा समेत सभी कार्यक्रमों में शिरकत करने का सुअवसर प्राप्त हुआ और सभी प्रतिभागियों को प्रभु स्वामी नारायण का प्रसाद मिला।

उन्होंने सफल आयोजन के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रदेश इकाई का आभार भी जताया है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बंगाणा की बेटियों को कांस्य

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



नंदनी पटियाल के नेतृत्व वाली टीम जिसने खो-खो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

उपमंडल बंगाणा के सेंट्रल स्कूल बंगाणा की लड़कियों ने देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और राष्ट्रीय स्तर पर खो खो में कांस्य पदक जीता। ज्ञात रहे राष्ट्रीय स्तर पर खो-खो में अंडर 14 में रीजन 25 गुड़गांव का नेतृत्व कर रही उपमंडल बंगाणा के खो-खो प्रतियोगता में कैप्टन नंदनी पटियाल के नेतृत्व में 14 छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर पूल में सभी मैच जीते और प्री क्वार्टर फाइनल में वाराणसी को हराया। क्वार्टर फाइनल में केवी बंगाणा की टीम ने कोलकाता को हराया। वहीं, सेमीफाइनल में केवी बंगाणा की टीम बंगलुरु की टीम से हार गई, लेकिन कांस्य पदक के लिए एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला हुआ और केबी बंगाणा की टीम ने चेन्नई की टीम को हराकर राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीत कर बंगाणा का नाम रोशन किया है।

ज्ञात रहे इतिहास में पहली बार हुआ है। कि राष्ट्रीय स्तर पर अंडर 14 में बंगाणा की लड़कियों ने राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता है। बताते चले कि खो-खो बंगाणा की टीम की कैप्टन नंदनी पटियाल के पिता प्रवीण पटियाल आर्मी से सेवानिवृत्त हैं और खेलों में बेहतर रुचि रखते है। वहीं, कैप्टन नंदनी की टीम द्वारा जीते गए कांस्य पदक पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, कुटलैहड़ भाजपा अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव मदन राणा, प्रवीण पटियाल, शशि पटियाल, प्रधान अनीता राणा,बंगाणा के प्रधान विजय शर्मा, हटली के प्रधान स्वर्ण सिंह आदि ने बधाई देते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## लोकमित्र केंद्र हिमाचल सरकार की निर्धारित दरों से ही लें शुल्क : सोनू

**विनोद शर्मा, लठियानी**



उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने लोकमित्र केंद्रों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जनता को सुविधा देने के लिए लोकमित्र केंद्र स्थापित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके दरवाजे पर 'शासन में सूचना प्रौद्योगिकी' का उपयोग प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है तथा सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क दर भी स्वीकृत की गई है।

उन्होंने लोकमित्र केंद्रों को सरकार द्वारा निर्धारित की गई शुल्क दर की सूची लोक मित्र केंद्र में लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि अगर कोई लोकमित्र केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क दर से अधिक शुल्क दर लेता है तो कोई भी व्यक्ति इसकी शिकायत उपमंडल अधिकारी से कर सकता है। उस लोकमित्र केंद्र के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार की अधिसूचना के मुताबिक राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मामलों के सशक्तिकरण विभाग और अन्य सरकारी विभागों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिए शुल्क स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क में सरकारी प्रोसेसिंग फीस और एलएमके सेवा शुल्क दोनों शामिल हैं, जिससे पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित होती है। (अनंत ज्ञान)

### अन्य विभागों के प्रमाणपत्रों के लिए आवेदन

**बेटी** है अनमोल योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना और विधवा पुनर्विवाह योजना जैसी महिला और बाल विकास योजनाओं के लिए कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जाएगा, केवल 25 का एलएमके शुल्क लगेगा। वरिष्ठ नागरिक आईडी, विकलांगता आईडी और बीपीएल प्रमाण पत्र के लिए 45 रुपए का कुल शुल्क (एलएमके शुल्क सहित) लगेगा।

**राजस्व विभाग की सेवाएं**

कृषक, बोनाफाइड हिमाचली, जाति (एससी/ एसटी), चरित्र, आय और कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र जैसे प्रमाणपत्रों के लिए अब 55 का कुल शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें सरकारी प्रोसेसिंग फीस और एलएमके शुल्क शामिल हैं। पुलिस सत्यापन सेवाओं के लिए अतिरिक्त 50 रुपए का शुल्क लगेगा।

### कृषि, बागवानी व पशुपालन सेवाएं

**मुख्यमंत्री** मधु विकास योजना, बागवानी उपकरणों के लिए सब्सिडी, आदि योजनाओं के अंतर्गत सेवाओं के लिए 25 रुपए का शुल्क लिया जाएगा, साथ ही अधिसूचित सरकारी शुल्क लागू होगा।

**अन्य शुल्क**

**स्कैनिंग,** ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंट और रंगीन प्रिंट के लिए भी संशोधित शुल्क जारी किया गया है। स्कैनिंग सेवाओं के लिए 5 रुपए प्रति पृष्ठ, ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंट के लिए 5 रुपए प्रति पृष्ठ, और रंगीन प्रिंट के लिए 15 रुपए प्रति पृष्ठ शुल्क निर्धारित किया गया है।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया जागरूक



प्रदर्शनी का अवलोकन करती सिविल जज।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कल्याण भवन ऊना में महिला सशक्तिकरण पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ सिविल जज ऊना अनीता शर्मा ने की। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित सीडीपीओ, आईसीडीएस पयवेक्षकों सहित आंगनबाड़ी वर्कर्स को जिला स्तरीय क्षमता निर्माण सत्र में घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉश अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, आईटीपीए और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम और कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ सिविल जज ऊना अनीता शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 176(1) के अंतर्गत पीड़िता को अधिक सुरक्षा प्रदान करने और बलात्कार से संबंधित अपराध की जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित बनाने, पुलिस द्वारा पीड़िता का बयान ऑडियो-वीडियो माध्यम से दर्ज करने और 183(6)(ए) के तहत महिलाओं के खिलाफ कुछ अपराधों के लिए पीड़िता के बयान, जहां तक संभव हो, एक महिला मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए जाने चाहिएं और उसकी अनुपस्थिति में एक पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा एक महिला की उपस्थिति में दर्ज किए जाने तथा 183(6)(क) के अंतर्गत मजिस्ट्रेट अब ऐसे मामलों में गवाह का बयान दर्ज करेंगे, जिनमें महिलाओं के खिलाफ कुछ अपराध शामिल हैं।

### सूडोकु 0044 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0043 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

8 सितंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : भाद्रपद **तिथि** पंचमी : (8:00): **नक्षत्र** स्वाति (03:31), **पक्ष** : शुक्ल **योग**: एंद्र (00:04) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:53-12:43), **राहुकाल** (05:00-06:33)।

### विशेष दिन

- 8 सितंबर 2024 : ऋषि पंचमी आज।
- 8 सितंबर : विश्व साक्षरता दिवस आज।

**मेष:** अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते हैं।

**वृषभ:** लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का आज अंतिम दिन है। महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा। आप कितना सोचते हैं, पर करते कितना है। इस पर ध्यान दें।

**कर्क:** क्या करूं क्या न करूं आप इस स्थिति से गुजर रहे है। शांति से फैसले लें जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें।

**सिंह:** पेट संबंधित रोग संभव है। समय कम है काम ज्यादा मन लगा कर अपने कार्य में लग जाएं, सफलता मिलेगी।

**कन्या:** जो करना चाहिए वो ही करिए। फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे।

**तुला:** अपना जीवन जीने के केवल दो ही तरीके हैं। पहला यह मानना कि कोई चमत्कार नहीं होता है। दूसरा है कि हर वस्तु एक चमत्कार है।

**वृश्चिक:** संतान के विवाह मामलों में जल्दबाजी न करें, गलत निर्णय जीवन बदल सकता है। जोखिम भरे कार्य टालें।

**धनु :** जीवनसाथी के साथ विवाद संभव है। गृहस्थी के मामले आपसी सहमति से हल होंगे। मांगलिक कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**मकर:** संतान की जरूरत पूरी करना अच्छी बात है, पर उनकी जिद जायज हो। आप की निर्णय शक्ति बहुत कमजोर है, इसीलिए आप पिछड़ रहे हैं।

**कुंभ:** दूसरों की मजबूरी को समझें और सहयोग करें। क्रोध की अधिकता से आप अशांत रहेंगे। पिता से मतभेद समाप्त होंगे।

**मीन:** कोई चौंकाने वाले समाचार मिल सकते हैं। मनचाही नौकरी के लिए प्रयास अधिक करना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**आयोजन** | ट्रिपल आईटी सलोह ऊना में छठां दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित

# शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मेधावी सम्मानित

**राजेश शर्मा, ऊना**

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) ऊना ने 7 सितंबर को अपना छठा दीक्षांत समारोह मनाया, जो संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर 2019 और 2020 की स्नातक बैचों को उनके शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

इसरो सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. माइलस्वामी अन्नादुराई ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. अन्नादुराई ने स्नातकों को बधाई दी और उनके कौशल और ज्ञान का उपयोग राष्ट्र की प्रगति में योगदान करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे गरीबी, भ्रष्टाचार, और पुरानी सोच को मिटाकर, साथ ही ग्रामीण-शहरी असमानता को दूर करने में महत्वपूर्ण



ट्रिपल आईटी ऊना में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते आयोजक ।

भूमिका निभाएं और राष्ट्र को मजबूत करें। ट्रिपल आईटी ऊना के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष रवि शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने संस्थान की तेजी से हो रही प्रगति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। शर्मा ने स्नातकों को अपने व्यावसायिक जीवन में ईमानदारी और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आज के तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में निरंतर सीखने और अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया। ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक प्रोफेसर मनीष गॉड ने स्नातक छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से महामारी के दौरान उनकी शैक्षणिक यात्रा के दौरान आई चुनौतियों को स्वीकार किया और उनकी दृढ़ता और समर्पण की प्रशंसा की।

प्रो. गॉड ने स्नातकों से आग्रह किया कि वे ट्रिपल आईटी ऊना के उत्कृष्टता की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए समाज के कल्याण में योगदान करें। कुल मिलाकर 260 छात्रों ने स्नातक किया, जिनमें से 114 कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग (सीएसई) से, 88 इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (इसीई) से और 58 सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से थे। इन स्नातकों में से 2019 और 2020 बैचों के 18 छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पदक से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम स्नातकों, उनके परिवारों, और पूरे ट्रिपल आईटी ऊना समुदाय के लिए गर्व का क्षण था, क्योंकि उन्होंने वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का उत्सव मनाया।

इस दौरान मेधावियों का भी सम्मान किया गया। इसमें सीएससी में वरुण पंडित को गोल्ड मेडल, शुभ अरोड़ा को सिल्वर मेडल, जबकि मिताली जैन को ब्रॉन्ज मेडल मिला। इसीई में सार्थक गोविंद विष्णु को गोल्ड, प्रियम हर्ष को सिल्वर, जबकि मोहित बागड़ी को ब्रॉन्ज मेडल मिला। आईटी में निकिता जैन को गोल्ड, दिव्यांश जिंदल को सिल्वर, जबकि आर्यन त्यागी को ब्रॉन्ज मेडल मिला। (अनंत ज्ञान)

## सुक्खू सरकार से हर वर्ग दुखी: भुट्टो



**बंगाणा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मित्र मंडली को खुश करते रहे और राज्य सरकार का दिवालिया निकल गया। इसलिए अब राज्य की सुक्खू सरकार चंद दिनों की मेहमान रह गई है। जिस प्रकार से राज्य सरकार पर आर्थिक तंगी आई है और मुख्यमंत्री सुक्खू आर्थिक तंगी का रोना जनता में जाकर रो रहे है, इस के जिम्मेदार भी खुद वह हैं। यह शब्द कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहे।

भुट्टो ने कहा कि राज्य में कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा। रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल रही हैं। महिलाओं को प्रति माह 15 सौ नहीं मिल रहे है। राज्य में तानाशाही का बोलबाला हो चुका है। सनातन धर्म पर सुक्खू सरकार के मंत्री सदन में अपनी सरकार पर बरस रहे हैं। राज्य में कोई विकास कर शुरू नहीं हो पाया है।

**अनुशासित** मन सुख की ओर ले जाता है और अनुशासनहीन मन दुख की ओर ले जाता है। **-दलाई लामा**

## संपादकीय

# पर्यटन को पंख

आर्थिक तंगी से जूझ रही हिमाचल की सुक्खू सरकार ने पर्यटन पर फोकस किया है, क्योंकि पर्यटन ही एक ऐसा जरिया है जो प्रदेश को आर्थिक संकट से उभार सकता है। या यूं कहें कि पर्यटन हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हिमाचल के हित में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए वह नियमों में बदलाव करने के बारे में भी सोच रही है। प्रदेश की 69 प्रतिशत भूमि वन भूमि है, जिसका फायदा उठाकर ईको टूरिज्म के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। हालांकि सीएम सुक्खू कहते हैं कि पॉलिसी बनाने में थोड़ी अड़चन जरूर है, ऐसे में सरकार को सभी पहलुओं को देखना उचित रहेगा। सरकार इस सोच से काम करेगी कि हिमाचल में पर्यटन तो बढ़े, लेकिन वनों को कोई नुकसान न हो और साथ ही उनका संरक्षण भी होता रहे। हिमाचल प्रदेश ईको टूरिज्म की लिहाज से बिग हिमालय, मिड हिमालय और शिवालिक रेंज के तहत आता है। प्रदेश में छोटी और बड़ी नदियां बहुत ज्यादा हैं। पानी की कोई कमी नहीं है, ऐसे में नदियों के किनारे जो रिवर बेड हैं, उन्हें ईको टूरिज्म की गतिविधियों में शामिल कर प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। हिमाचल में अच्छी लोकेशंस का चयन कर और वहां पर टैंट लगवाकर पर्यटकों को ठहराया जा सकता है।

इस काम के लिए प्रदेश की बाहरी पार्टियां भी निवेश करने को तैयार हैं, लेकिन इसमें कुछ कानून और नियम आड़े आ जाते हैं। इन अड़चनों को दूर करने के लिए सरकार को ठोस तरीके से आगे बढ़ना होगा, तभी सरकार के पास अच्छी साइट्स डेवलप हो सकेंगी। मौजूदा आर्थिक हालात सुधारने की गरज से प्रदेश सरकार चार प्राथमिकताओं को लेकर आगे बढ़ रही है। इनमें मुख्य रूप से टूरिज्म सेक्टर, हाइड्रो पावर, फूड प्रोसेसिंग और एनवायरनमेंट फ्रेंडली इंडस्ट्री हैं। इनका सही तरीके से दोहन किया जाए तो निश्चित रूप से प्रदेश की आर्थिकी को पंख लगने में वक्त नहीं लगेगा। अगर सरकार वाकई ईको टूरिज्म पॉलिसी के नियमों में बदलाव करने में कामयाब होती है तो इससे सरकार को 100 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हो सकती है, ऐसा सरकार का दावा है। हिमाचल प्रदेश एक सुंदर और आकर्षक पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और रोमांचक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। हिमाचल में हिमालय की पहाड़ियां, हरे-भरे वन और सुंदर घाटियां हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। देवभूमि हिमाचल की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जिसमें पारंपरिक त्योहार, नृत्य, और संगीत शामिल हैं। ट्रैकिंग, स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग और रिवर राफ्टिंग जैसी रोमांचक गतिविधियां बढ़ाने से साहसिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।

हिमाचल में कई प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, नयनादेवी, बज्रेश्वरी, चामुंडा मंदिरों के अलावा शिमला का जाखू मंदिर, मनाली का हिडिंबा देवी मंदिर भी पर्यटकों को आकर्षित करता है। हिमाचल की ताजा हवा, शुद्ध पानी और सुंदर परिदृश्य स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक आदर्श स्थल है। हिमाचल एक ऐसा गंतव्य है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, रोमांचक गतिविधियों, और धार्मिक स्थलों का अनोखा मेल प्रस्तुत करता है, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है। हिमाचल के पर्यटन को बढ़ाने के लिए सबसे पहले तो बुनियादी ढांचे का विकास बेहद जरूरी है। सड़कों, होटलों और अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास और सुधार करना समय की मांग है। बढ़िया सड़कें होंगी तो पर्यटक दौड़े चले आएंगे। हालांकि प्रदेश में अब फोरलेन का जाल बिछ रहा है। आने वाले समय में पर्यटकों को इससे काफी सहूलियत होगी। हिमाचल के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना भी उचित रहेगा। नए पर्यटन स्थलों का विकास करना तथा योग्य स्थलों को विकसित करना और प्रमोट करना सरकार और पर्यटन की प्रमुख जिम्मेदारी होनी चाहिए। पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने से हिमाचल का अपना वैभव कभी खत्म नहीं होगा। हिमाचल के प्राकृतिक सौंदर्य और वन्य जीवन को संरक्षित और प्रमोट करना सबसे जरूरी है।

स्थानीय समुदाय को पर्यटन विकास में शामिल करना और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करना भी बेहद जरूरी है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का उपयोग करके हिमाचल के पर्यटन को प्रमोट किया जा सकता है। सुरक्षा और स्वच्छता का ध्यान रखकर तथा सरकारी सहयोग और नीतियों के माध्यम से पर्यटन विकास को बढ़ावा देना सरकार की सूची में शुमार होना चाहिए। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि उन उपायों से आने वाले समय में हिमाचल के पर्यटन को पंख जरूर लगेंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी और पंजाबी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता

**सतीश** कौल हिंदी और पंजाबी फिल्मों के जाने-पहचाने अभिनेता थे। वह लंबे समय से लुधियाना में रह रहे थे। वह साल 2011 में मुंबई छोड़कर पंजाब चले गए थे। सतीश कौल का जन्म कश्मीर (भारत) में हुआ था। वह तकरीबन 300 फिल्मों का हिस्सा रहे थे और उन्होंने शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, देव आनंद व दिलीप कुमार जैसे दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम किया था। उम्र के आखिरी पड़ाव में सतीश कौल तंगहाली से जूझ रहे थे। सतीश कौल ने एक एक्टिंग स्कूल लुधियाना में शुरू किया था, जिसमें उन्हें काफी घाटा हुआ और बाद में उन्हें इसे बंद करना पड़ा। उनका पारिवारिक जीवन भी कुछ खास अच्छा नहीं रहा था। सतीश की पत्नी ने उन्हें तलाक दे दिया था और अपने बच्चों के साथ वह अमेरिका शिफ्ट हो गईं। हिंदी और पंजाबी फिल्मों के अभिनेता सतीश कौल ने 'प्यार तो होना ही था' (1998), आंटी नं. 1 (1998), जंजीर (1998), याराना (1995), ऐलान (1994), इल्जाम (1986), शिवा का इंसाफ (1985), कसम आदि, वहीं पंजाबी फिल्मों की बात करें तो सतीश कौल 'आजादी', 'शेरा दे पुत्त शेर', 'मौला जट्ट', 'गुड्डो', 'पटोला' और 'पींगा प्यार दीयां' जैसी फिल्मों का हिस्सा रहे। पीटीसी पंजाबी फिल्म अवॉर्ड्स में सतीश कौल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया था। सतीश बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बीआर चोपड़ा की महाभारत में काम करने से लेकर सदी के महानायक तक के साथ काम किया था। ■



**सतीश कौल**
**जन्म :** 8 सितंबर, 1948
**मृत्यु :** 10 अप्रैल, 2021

## अपनी बात

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस (एआई ) समय के साथ बहुत बदलाव लाने वाली है। यह टेक्नोलॉजी समाज में कई चुनौतियां सामने लाएगी। आज टेक्नोलॉजी ने जिंदगी को आरामदायक और आसान तो बना दिया है, लेकिन बेरोजगारी भी बढ़ा दी है। आज दुनियाभर के देशों के लिए बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। बेरोजगारी का एक मुख्य कारण आधुनिक टेक्नोनॉजी मशीनें भी हैं। तकनीकी आविष्कारों का नकारात्मक असर हमारे देश में रोजगार पर पड़ा है। पहले जिस काम को दस मजदूर घंटों में करते थे, अब नई तकनीक से एक मशीन से एक ही व्यक्ति उस काम को कुछ ही मिनटों में कर रहा। इन मशीनों को तैयार करने के लिए भी मशीनों का ही सहारा लिया जाता है। भारत में इन मशीनों का निर्माण भी न के बराबर है। इस कारण भी नई तकनीक भारत में रोजगार के लिए अभिशाप मानी जा सकती है। ऐसा नहीं कि आधुनिक टेक्नोलॉजी एआई के नकरात्मक परिणाम हैं, इसके सकरात्मक पहलू भी हैं, लेकिन हमें भी भी सोशल मीडिया के युग में सतर्क और जागरूक रहना होगा। **-स्वास्तिका, जंडपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# कुपोषण को मिटाने के लिए पोषण के साथ पढ़ाई भी

**राष्ट्रीय पोषण माह पर विशेष**

हर गर्भवती महिला का एक ही सपना होता है कि उसका होने वाला शिशु स्वस्थ हो और उसका आने वाला कल सुरक्षित हो। यह सपना तभी पूरा हो सकता है, जब गर्भधारण करने पर मां अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखे। इसके लिए केवल खानपान पर ध्यान केंद्रित करना ही पर्याप्त नहीं होता, अपितु व्यवहारिक तौर पर भी मां को सकारात्मक भाव अनुसार आचरण करना बेहद जरूरी होता है। शिशु के भविष्य का सृजन, मां द्वारा गर्भधारण करते ही कर दिया जाता है और उसी नींव के आधार पर शिशु का विकास पूर्णतया निर्भर भी करता है। शिशु के पैदा होने के उपरांत, समय आता है उसके शारीरिक विकास का, उसके पोषण का व उसकी प्रारंभिक शिक्षा का।

इन्हीं सब बातों के ध्यानार्थ भारत सरकार द्वारा 'पोषण भी पढ़ाई भी' योजना की शुरुआत की गई है, जो देश की लगभग 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा यानी (ईसीसीई) में गुणवत्ता को बढ़ावा देगा, यानी अब तंदरुस्त जीवन शैली के साथ-साथ उत्तम शिक्षा का विस्तार भी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित पोषण भी पढ़ाई भी, नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी तथा पोषण अभियान (मिशन पोषण 2) का एक महत्वपूर्ण घटक है। इसके अंतर्गत सरकार का केवल यही उद्देश्य है कि देश के हर कोने में बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों तक अच्छे खानपान के साथ-साथ रचनात्मक शिक्षा भी मुहैया करवाई जाए, जिससे न केवल बच्चे शारीरिक तौर पर स्वस्थ बनें, अपितु उचित शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को भी सुरक्षित करें। इसके द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को और बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा आंगनबाड़ियों को सुदृढ़ बनाना, पूरक पोषण उपलब्ध करवाना, प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करवाना आदि मुख्य रणनीति में शामिल किए गए हैं। इसमें एनईपी के अनुरूप प्रमुख विकास क्षेत्रों पर बल देने का प्रावधान किया गया है।



**लेखक : शिवालिक अवस्थी**
शिला चौक, धर्मशाला

पोषण भी पढ़ाई भी योजना के तहत कम से कम 2 घंटे गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना प्राथमिक उद्देश्यों में सम्मिलित है जिसमें मातृ भाषा को वरीयता देना, एक अनूठी पहल के रूप में रेखांकित किया गया है। इस बार के राष्ट्रीय पोषण माह में पोषण भी पढ़ाई भी को अलग विषय में शामिल करना इसकी महत्ता को दर्शाता है। यहां आपको बताते चलें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सातवां राष्ट्रीय पोषण माह समूचे भारत में 1 से 30 सितंबर तक मनाया जा रहा है। इस बार का पोषण माह एनीमिया की रोकथाम, ग्रोथ मॉनिटरिंग, पूरक पोषण आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, सुशासन पारदर्शिता व कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग और समग्र पोषण आदि प्रमुख विषयों पर आधारित है। जन आंदोलन के तौर पर, पोषण माह का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जाता है, जिसका उद्देश्य देश से कुपोषण का जड़ से खात्मा करना है। कुपोषण के खिलाफ इस लड़ाई में न केवल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अपितु अन्य विभिन्न मंत्रायलों अथवा विभागों की सफल भागीदारी भी अपेक्षित रहती है। कुपोषण निश्चित ही एक ऐसी गंभीर समस्या है, जिससे निजात पाना देश के लिए बेहद जरूरी है। इसके अनुरूप भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को संचालन किया जा रहा है, जिसमें मिशन पोषण 2 मुख्य भूमिका के तौर पर नजर आ रहा है। बहरहाल, पोषण 2 के ही घटक के रूप में पोषण भी पढ़ाई भी को देखें तो गलत नहीं होगा। 'पोषण भी पढ़ाई भी' के अंतर्गत नवचेतना और आधारशिला, 2 पाठ्यक्रमों को विशेष रूप से परिभाषित किया गया है। पाठ्यक्रम नवचेतना में प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन में माता-पिता, अभिभावकों, आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत 0 से 3 वर्ष के बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर बच्चों के स्वस्थ विकास, भावनात्मक व सामाजिक सुरक्षा, भाषा विकास, मोटर कौशल, बातचीत करना, उनके साथ खेलना, घूमना, ध्वनियों का अभ्यास आदि प्रमुख बिंदुओं की ओर ध्यान केंद्रित किया गया है, चूंकि 75 प्रतिशत तक मस्तिष्क का विकास इन्हीं 3 सालों में देखने को मिलता है और शुरुआती देखभाल को ही संपूर्ण रचना का मूल माना जाता है। इसी के पूरक नवचेतना पाठ्यक्रम को इसमें शामिल भी किया गया है। अब दूसरे पाठ्यक्रम आधारशिला 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा' पर प्रकाश डालें तो यह नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को विकासात्मक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करवाना है। इसमें शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी अपनाया गया है।

इसके अलावा, रचनात्मक, व्यवहारिक, नैतिक विकास, कौशल निर्माण व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को लक्षित किया गया है। बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास अमूमन 6 वर्ष तक हो जाता है। इसी के मद्देनजर, मंत्रालय द्वारा आधारशिला पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इन योजनाओं में दिव्यांग समावेश का भी पूरा ध्यान रखा गया है। सरल शब्दों में कहें तो नवचेतना प्रारंभिक देखभाल को निर्दिष्ट करता है, जबकि आधारशिला प्रारंभिक शिक्षा को निर्दिष्ट करता है। लगभग 8 करोड़ से ज्यादा बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ पोषण उपलब्ध करवाना ही इस योजना का मूल प्रयोजन है, न केवल पोषण अपितु बच्चों की शिक्षा के साथ संपूर्ण देखभाल को समावेशित किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी के सफल संचालन से देश में शिक्षा को नई पहचान मिलने की भरसक उम्मीद है बस जरूरत है तो सामाजिक पहलकदमी की। सामाजिक पहलकदमी को इसलिए महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि एक समाज ही होता है जिसे मजबूत देश की नींव कहा जाता है। यदि समाज ही कमजोर होगा तो उन्नत देश की राह स्वत: ही ढीली पड़ जाएगी। समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रदान की जानी वाली योजनाओं का लाभ अवश्य उठाना चाहिए, ताकि लापरवाही की कहीं भी कोई गुंजाइश ना रह सके। आंगनबाड़ी की ही बात करें तो आज के दौर में आंगनबाड़ियों में हर वो सुविधा प्रदान की जाती है, जिसकी जरूरत बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए बेहद जरूरी होती है।

उदाहरणार्थ, बढ़ती उम्र के साथ-साथ बच्चों का समय-समय पर वजन व लंबाई मापना, पूरक पोषण संबंधी खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना, खेल-खेल में गुणात्मक शिक्षा का प्रसार करना, पोषण वाटिकाओं द्वारा मौसमी फल अथवा सब्जियों द्वारा कुपोषण पर प्रहार करना आदि सम्मिलित हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओ को उत्कृष्ट सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। बच्चे देश का भविष्य होते हैं और आंगनबाड़ी, वह उद्यान है जहां फुलवारी का सुरक्षित व उन्नत सृजन किया जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# स्वयं के भीतर भी करें गणेश जी की स्थापना

इन दिनों देशभर में गणपति जी की पूजा-अर्चना की जा रही है। गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। विनायक चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले गणेश महोत्सव का शुभारंभ शनिवार से हो गया है। दस दिन तक चलने वाले इस त्योहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है।

इन दिनों बाजारों में दुकानें गणेश मूर्तियों से सजी रहती हैं। शहर में लोग पंडालों के अलावा अपने घरों में भी मूर्तियों की स्थापना करते हैं। बाजार में 151 से 5000 रुपए तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं। प्रथम पूज्य देव को सभी अपने घर ले जाने के लिए आतुर दिखाई देते हैं, ऐसे में जब भी हम गणेश जी की मूर्ति के समक्ष खड़े होकर उनका स्मरण करें तो स्वयं के भीतर भी गणेश जी की स्थापना करना न भूलें। मां सरस्वती जहां बुद्धि की देवी मानी जाती हैं तो गणेश भगवान को विवेक का देवता माना जाता है।



**लेखक : सुमित अवस्थी**
जंडपुर, बैजनाथ

हिंदू धर्म में गणेश भगवान की पूजा सबसे पहले की जाती है। इनकी पूजा किए बगैर कोई भी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न नहीं हो सकता।

किसी भी देवता को प्रसन्न करना हो तो उनसे पहले गणपति महाराज को ही प्रसन्न किया जाता है, इसलिए हिंदू धर्म में गणेश जी का बहुत अधिक महत्व है। जब भी गणेश जी के दर्शन करें, तो जल्दबाजी बिलकुल न करें। थोड़ी देर रुकें और प्रभु के पूरे स्वरूप को आंख बंद करके अपनी भीतर उतारें।

यदि बहुत देर तक प्रतिमा के सामने खड़े रहने का मौका न मिले तो नेत्र बंद करके उसी छवि को देखें। अव्यक्त परब्रह्म का सबसे प्रथम व्यक्त रूप ओंकार हैं तथा ओंकार का ही मूर्तिमंत रूप श्री गणेश हैं। गणेश पूजन के समय इनकी स्थापना अपने भीतर भी की जाए और पूरी तरह से विचार शून्य होकर विवेक जागृत करते हुए गणपति जी का प्रसाद लिया जाए। भगवान गणेश के भक्त भगवान इन दिनों गणपति महाराज को उनकी मनपसंद मिठाई चढ़ाते हैं।

गणेश चतुर्थी पर विशेष रूप से मोदक का भोग लगाया जाता है। भक्तगण भगवान गणेश को मोदक का भोग लगाते हैं, जो भगवान की पसंदीदा मिठाई है। मोदक मीठे पकौड़े होते हैं, जिन्हें लोग नारियल और गुड़ से भरकर बनाते हैं। वे या तो उन्हें तलते हैं या भाप में पकाते हैं। घरों और दुकानों में इस मीठे व्यंजन को बनाया जाता है। ये मिठाइयां ज्यादातर गणेश चतुर्थी के आसपास बाजारों में खूब बिकती हैं और बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**



## अनार

राकेश डोगरा

*देखो-देखो गौर से देखो,*
*देखो इसको बारंबार।*
*कितना बढ़िया फल अनार,*
*इसमें दाने बेशुमार।*
*छिलका इसका मोटा है,*
*लेकिन यह तो खोटा है।*
*खट्टे-मीठे दाने हैं,*
*वे ही हमने खाने हैं।*
*स्वाद बड़ा निराला है,*
*भाई यह गुण वाला है।*
*आओ पीएं इसका जूस,*
*थोड़ा-थोड़ा भर के घूंट।*
*कितना सुंदर निखरा है,*
*दाना-दाना बिखरा है।*
*चटनी इसकी बड़ी स्वाद,*
*खाओगे तो करोगे याद।*
*रोगी से जब मिलने जाओ,*
*फल अनार संग ले जाओ।*

# एक विवेचन : विधायकों की अयोग्यता संबंधी कानून

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की महत्वपूर्ण भागीदारी रहती है और यह आवश्यक भी है क्योंकि जनता स्वयं निर्णय करने के लिए स्वतंत्र होती है कि वह अपने भाग्य को किस के हाथों में सौंप रही है, यही सभी का संवैधानिक अधिकार भी है। हम मतदान में अपना कर्तव्य निभकर अपनी सरकार चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। वे प्रतिनिधि जिनको हम विधानसभा या लोकसभा में भेजते हैं, वे प्रत्यक्ष रूप से हमारे ही विचारों का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। विगत कुछ दशकों में राजनीति में सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए पदार्पण करने की एक परिपाटी सी बन गई है, जिस कारण येन केन प्रकारेन राजनीतिक व्यवस्था में अपने लिए कुर्सी हासिल करने के लिए कोई भी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है, क्योंकि नेताओं को मिलने वाली सुख-सुविधाओं में कोई कमी नहीं होती, हर बार ठगी तो बेचारी भोली भाली जनता ही है।

इसका स्पष्ट उदाहरण हम कुछ महीने पहले देख चुके हैं। हिमाचल की विधानसभा में विधायकों को अयोग्य सिद्ध करने संबंधी संबंधी विधेयक लाने की आवश्यकता क्यों पड़ी और इसे कानूनी रूप प्रदान करने की ऐसी क्या मजबूरी है, यह वास्तव में एक चिंता और चिंतन का विषय है। हिमाचल देवभूमि के नाम से जाना जाता है, परंतु शायद राजनीति में यह देवभूमि शब्द भी सम्मानित नहीं है क्योंकि देवभूमि की जनता भी निस्संदेह देवतुल्य होती है और जब जनता प्रतिनिधियों को चुनकर राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार बनाती है, तो चुने हुए प्रतिनिधि लाखों लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं, यह बात उन्हें भलीभांति समझ लेनी चाहिए।



**लेखक : विक्रम वर्मा**
चंबा, हिमाचल प्रदेश

जनता की भलाई के लिए किया गया हर निर्णय स्वागत योग्य है और इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए, परंतु हमें उन बातों को भी ध्यान में रखकर कदम बढ़ाना चाहिए कि क्या मात्र कानून बनाने मात्र से समस्या का सकारात्मक हल निकल सकता है, क्योंकि देश या प्रदेश में संसाधनों का उचित सदुपयोग करने और राजस्व की बचत के लिए 15 प्रतिशत मंत्रिमंडल का भी कानून बना हुआ है, परंतु अचरज यह होता है कि हमारे देश में हर कानूनी व्यवस्था का जुगाड़ लगाने में राजनीतिक व्यवस्था सिद्धहस्त हैं क्योंकि राजनीति में मंत्री पद के समकक्ष ही ऐसे पदों की व्यवस्था मात्र रेवड़ियां बांटने के लिए की गई जिससे 15 प्रतिशत मंत्रिमंडल की व्यवस्था का कोई औचित्य और व्यवहारिक लाभ परिलक्षित नहीं होता। कोई भी सरकार हो या किसी भी पार्टी की सरकार हो, हमेशा उनका प्रयास यही रहता है कि अपने अस्तित्व को साबित करने और सत्ता बनाए रखने के लिए अपने लोगों के व्यक्तिगत लाभों को हमेशा सर्वोपरि रखा जाता है। प्रदेश की चाहे वर्तमान सरकार हो या पूर्ववर्ती सरकारों की बात करें तो यह बात परिलक्षित होती है कि अपनों की सेवा में कोई भी सरकार पीछे नहीं रही। अत: इन सभी बातों को ध्यान में रखकर हम यह सोचने पर बाध्य होते हैं कि क्या विधायकों को अयोग्य ठहराने की आखिरकार आवश्यकता ही क्यों पड़ी , क्योंकि यह कदम सिर्फ विधायकों को ही नहीं बल्कि, उस जनता पर भी प्रहार है, जिन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से विधायकों को चुनकर भेजा हुआ होता है।

यह भी सर्वविदित है कि हमारे देश में कानूनी प्रक्रिया कितना लंबा समय लेती है और इस प्रकार की व्यवस्था में विधायकों को अयोग्य ठहराने और न्यायव्यवस्था द्वारा अयोग्य सिद्ध करने में बिलंब कितना होगा, इसका अनुमान सहजता से लगाया जा सकता है और उतने समय में विकास के कार्य किस हद तक प्रभावित होंगे ? अच्छा तो तब होता, जब प्रदेश हित में सत्ता पक्ष और विपक्ष मिलकर इस बात पर मंथन करने का प्रयास करते कि आखिरकार ऐसी समस्या उत्पन्न ही क्यों हुई और भविष्य में इसके क्या परिणाम होंगे, क्योंकि यह तो प्रकृति का नियम है कि जब बीज बोया जाता है तो उसका पौधा तो बनेगा ही और फल तो काटना ही पड़ेगा।

हम जिस भी बात का विरोध करते हैं, वह स्वभाविक रूप से घटित हुई बिना नहीं रहती। अत: हमें इस बात के लिए भी तैयार रहना होगा कि भविष्य में हमारे द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधि अयोग्य भी ठहराए जा सकते हैं, तब जनता के हाथ क्या लगेगा, यह चिंतन का विषय है।

यह भी गौरतलब है कि भविष्य में ऐसे कानूनों का दुरुपयोग राजनीतिक दल अपने विरोधियों के विरुद्ध करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, ऐसा प्रतीत होता है। अगर वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर अगर कोई कानून, व्यवस्था या प्रावधान करना आवश्यक है तो यह होना चाहिए कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के द्वारा किए गए आधारहीन, तथ्यहीन और अव्यवहारिक चुनावी वादों पर नकेल कसने का प्रावधान कठोरता से लागू हो, ताकि कोई भी प्रत्याशी लोकलुभावन घोषणाएं और वादे जनता के साथ न करें, चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों का चुनाव आयोग द्वारा रिकॉर्ड रखकर किए गए वादों को भी अभिलेख में रखने का प्रावधान हो और चुनाव जीत जाने पर प्रतिनिधियों को इनसे अवगत करवा कर उनका मूल्यांकन किया जाए, क्योंकि भोली भाली जनता इन लुभावने वादों की हकीकत नहीं समझ पाती और ठगी जाती है और पांच वर्षों तक पछतावा करते रहते हैं।

इसके साथ ही राजनेताओं को मर्यादित भाषा और मर्यादित व्यवहार और आचरण करने के नियमों का भी आवश्यक प्रावधान किया जाना चाहिए क्योंकि सदन लोकतंत्र का मंदिर माना जाता है और विगत कुछ वर्षों से सदन के अंदर और बाहर माननीयों का आचरण और व्यवहार देखकर जनता भी हैरत में पड़ जाती है, जो कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में कतई भी अच्छी नहीं लगती।

यह बात और भी शोभनीय होगी, अगर राजनीतिक व्यवस्था से जुड़े लोगों द्वारा स्वयं ही एक सार्थक और सकारात्मक पहल की जाए ताकि जनभावनाओं की आकांक्षाओं पर हर सरकार खरी उतर सके और राजनीति के इतिहास में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आस्था और शक्ति के लिए आज भी प्रसिद्ध है हिमाचल के कुलिष्ठ देवी-देवता

जैसा कि कहा जाता है कि हिमाचल एक देवभूमि प्रदेश है, यहां के विभिन्न क्षेत्रों में देवी-देवताओं का वास बताया जाता है और देवी-देवताओं के प्रति प्रदेशवासियों की अटूट आस्था और विश्वास भी देखने एवं सुनने को मिलती है। हिमाचल प्रदेश के हरेक जिले में देवी-देवताओं के भव्य और विशाल मंदिर बने हुए हैं, जिनकी मान्यता देशभर व विश्व तक फैली हुई है और समय-समय पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालु विश्वभर से दर्शनों के लिए देवभूमि में पधारते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम हिमाचल के कुलिष्ठ (देवी-देवताओं) की शक्ति और आस्था के संदर्भ में चिंतन करने का प्रयास करेंगे ताकि आने वाला भविष्य अर्थात युवा पीढ़ी देवी देवताओं की शक्ति और आस्था से समय-समय पर जागरूक एवं अनुग्रहित हो पाएं।

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में देवी देवताओं के इतिहास को बुद्धिजीवियों एवं धार्मिक विद्वानों की जानकारी अनुसार कुलिष्ठ देवी-देवता युगों-युगों से अपनी शक्ति और आस्था का परिचय देते आ रहे हैं, जिन देवी देवताओं के शक्ति और आस्था से इतिहास भरा पड़ा है, अगर हम पुराणों एवं ग्रंथों का अध्ययन करने का प्रयास करें, हिमाचल प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में बने मंदिरों में जब भी कोई श्रद्धालु एवं दुखी कुलष्ठ देवी-देवताओं के आगे नतमस्तक और विनती करते नजर आते हैं तो वहीं स्थानीय मंदिर के पुजारी एवं जिस भी व्यक्ति में कुलिष्ठ देवी-देवता की शक्ति विराजमान मानी जाती है और जो अपने नियम-धर्म में रहते हैं, तो इस दुख की घड़ी में उन कुलिष्ठ देवता का मंदिर में या फिर घर में भी आह्वान किया जाता है।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

कुलिष्ठ देवी-देवता जो कुछ पलों के लिए प्रकट होते हैं और जो भी उनके आदेश एवं सुझाव रहते हैं, कहा जाता है कि साक्षात (देवी -देवता) का वास उनकी जिव्हा पर रहता है, अर्थात वह कुलिष्ठ देवी-देवता श्रद्धालु एवं दुखयारु के कष्टों का तात्पर्य कहने से पहले ही समझ एवं बता देते हैं कि आपने मेरा आह्वान किस दुख-सुख के परिप्रेक्ष्य में किया है, क्योंकि श्रद्धालु संभवत: दो ही भाव के साथ कुलिष्ठ देवी-देवता एवं ईश्वर का आह्वान करता है कि या तो उसके किसी घोर दुख का कारण है या फिर उसकी कोई मन्नत पूरी हुई अर्थात सुख में देवी-देवता का आह्वान कर रहा है ताकि भविष्य में उस पर सदैव देव कृपा बनी रहे, तो वहीं जब भी देवता प्रकट होते हैं तो वे अलग-अलग मुद्राओं में प्रकट नजर आते हैं, जिनको प्रकट करने के लिए पंडित, बड़े बुजुर्ग एवं बुद्धिजीवियों द्वारा देवी-देवता के आह्वान के लिए विशेष प्रार्थना करते नजर आते हैं, तो वहीं उनके समक्ष, धूप-दीप, चावल, गंगाजल, एक या दो सिक्के रखे जाते हैं, जब देवी-देवता प्रकट होते हैं तो मानो कुछेक देवता की जिह्वा भी लड़खड़ाती हुई मानी जाती है।

इसमें कहा जाता है कि देवता जब भी किसी शरीर में प्रवेश करते हैं तो आम आदमी को उस पल भर की शक्ति को नियंत्रित करना बहुत कठिन भी हो जाता है, तो कोई अन्य कारण एवं इतिहास दोहराते हैं, तो वहीं देवी के प्रकट होने पर वह अनेक रूपों में प्रकट नजर आती है, कहीं पर माता काली के भयंकर रूप में तो कही माता वैष्णो देवी शांत स्वरूप स्वरूप में, तो कहीं ज्वालामुखी, तो वहीं चामुंडा रूप में प्रकट नजर आती है, वहीं देवता कहीं शिरगुल महाराज, गुग्गा महाराज, महासु महाराज, कोयलू महाराज, परशुराम महाराज, रेणुका जी इत्यादि अनेक कुलिष्ठ देवी-देवता अनेक नामों से जाने जाते हैं। इस प्रकार जब भी किसी देवी-देवता का आह्वान किया जाता है और वे अपने दर्शनों से भक्तजनों को कर्तात करते हैं तो उनके शरीर में कंपन नजर आता है, तो वहीं प्रकट होने पर सामने रखे हुए जलते हुए दीपक पर जिह्वा रखकर आज भी अपनी शक्ति और आस्था का बखूबी परिचय भी देते हैं, तो वहीं गंगाजल का तर्पण और चावल के कुछ दानों को उठाकर भक्तजनों के दुख-सुख का कारण बताकर (प्रश्न-उत्तर) करते नजर आते हैं।

इसमें दशकों एवं सदियों पुराने इतिहास को भक्तजनों के सामने उनके कारणों से रू-ब-रू करवाते हैं और जिनका आज भी कहीं न कहीं बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों द्वारा इतिहास दोहराया जाता है, परंतु आज कुछेक क्षेत्रों में कहीं न कहीं देवताओं के नाम पर लोग गुमराह एवं पथभ्रष्ट करने का भी प्रयास करते हैं, जिनसे हमें कहीं न कहीं दूर रहने की भी आवश्कता है, तो कुछेक क्षेत्रों के लोग अंधविश्वास की और भी अग्रसर हो रहे हैं, जो अपने कुल धर्म एवं कुलिष्ठ देवी देवता को नहीं मानते, जो कुलिष्ठ (देवी-देवता) आज भी साक्षात दर्शन देते नजर आते हैं। इस प्रकार आधुनिकता के इस दौर में भी हमें अपने अपने कुलिष्ठ देवी देवताओं के प्रति अपनी अटूट आस्था और विश्वास रखने की भी अति आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

## शारदीय नवरात्र रामलीला की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, कोटली।** उपमंडल मुख्यालय कोटली में हर साल शारदीय नवरात्रों के दौरान आयोजित होने वाले सूविख्यात रामलीला उत्सव की तैयारियां इन दिनों जोरों पर है। कोरोना काल के तुरंत बाद पांच दिनों तक सिमट चुके इस उत्सव को रामलीला कमेटी ने इस बार पुनः दस दिनों तक आयोजित किए जाने का निर्णय लिया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमेटी के प्रधान प्रशांत मोहन ने कहा कि पिछले दो वर्षों में स्थानीय लोगों, व्यापारी भाईयों तथा दर्शकों के अपार स्नेह को देखते हुए इस बार यह उत्सव पहले की तरह पूरे दस दिनों तक आयोजित किया जाएगा। यह तीन अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन को लेकर कमेटी यथा संभव प्रयास कर रही है। कमेटी के निदेशक नरेश ठाकुर ने कहा कि कलाकारों को प्रशिक्षित करने के लिए 12 सितंबर से प्रतिदिन 2 घंटे रिहर्सल करवाई जाएगी।

## वल्लभ महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी द्वारा 7 सितंबर 2024 को महाविद्यालय परिसर में हिमालयन ब्लड डोनर्स तथा ब्लड बैंक जोनल अस्पताल मंडी के साथ मिलकर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 20 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया। प्राचार्य वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी प्रो. सुरीना शर्मा ने शिविर में मुख्यातिथि की भूमिका अदा की तथा एनएसएस इकाई की इस नेक काम करने के लिए सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपाली अशोक तथा प्रोफेसर सूरज मनी ठाकुर ने स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, अन्य विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों का शिविर में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया।

## मार्च पास्ट में रोपा विजेता, गुरुकुल स्कूल उपविजेता



**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर जोन अंडर-19 छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता चौहारघाटी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोपा में शुरू हुई। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ी छात्रों द्वारा आयोजित मार्च पास्ट की सलामी लेने उपरांत ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। मार्च पास्ट में मेजबान रावमापा रोपा विजेता और गुरुकुल पब्लिक स्कूल पधर उपविजेता रहा। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का विशेष महत्व है। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिसके लिए उन्होंने दस हजार रुपए नगद राशि आयोजक समिति को भेंट की।

## जोगिंद्रनगर आईटीआई में कैंपस साक्षात्कार 12 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में आगामी 12 सितंबर 2024 को कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। यह साक्षात्कार सुजुकी मोटर गुजरात कंपनी के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 200 पदों पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। संस्थान की प्रधानाचार्या ई. नवीन कुमारी ने बताया कि यह साक्षात्कार विशेष रूप से लड़कों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसमें 10वीं पास (नियमित) और आईटीआई (एनसीवीटी/एससीवीटी) की योग्यता रखने वाले छात्र भाग ले सकते हैं। ट्रेड्स में फिटर, डीजल मैकेनिक, एमएमवी, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स मशीन, वायरमैन, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, पीपीओ, सीओई (ऑटोमोबाइल), ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल, टूल एंड डाई मेकर, और शीट मेटल शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 10वीं में न्यूनतम 40 और आईटीआई में 50 अंक होने चाहिए। आयु सीमा 18 से 24 वर्ष रखी गई है। 2018 से 2023 के बीच आईटीआई पास छात्र और 2024 के अंतिम वर्ष के छात्र इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

## अंडर-19 में छाई त्रिफालघाट स्कूल की छात्राएं



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खनोट में सम्पन्न हुई खंड स्तरीय अंडर 19 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिफालघाट की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कबड्डी में कश्मेला को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया व विद्यालय का नाम रौशन किया। कबड्डी में सानू, रजनी, जैस्मीन, कंचन, आंचल, अंशिका, सोनाली, शिवानी व अंकिता ने भाग लिया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य आनंद देव ने छात्राओं को बधाई दी।

## चोल्थरा की छात्राओं ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सधोट में संपन्न हुई।



अंडर-19 धर्मपुर प्रथम छात्राओं की जोनल खेलकूद तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चोलथरा ने बेहतर प्रदर्शन किया है इस प्रतियोगिता में पाठशाला की छात्राओं ने चैस में तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कंठ गीत, समूह गीत तथा नाटक में प्रथम स्थान अर्जित कर पाठशाला का नाम रोशन किया। छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य कमलेश ठाकुर तथा पाठशाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा कुसुम वर्मा ने बच्चों को बधाई दी है।

## लडभड़ोल में अंडर-19 प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लडभड़ोल में शनिवार को 4 दिवसीय खंड स्तरीय अंडर 19 छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बता दें कि इस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर प्रेम नाथ ने किया। मुख्य अतिथि का स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य हकीकत रॉय ने उनका जोरदार स्वागत किया और मंच पर पहुंचने के उपरांत प्रधानाचार्य ने उनको सम्मानित भी किया। वहीं मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर प्रेम नाथ ने बेहतर प्रतियोगिता के लिए 11000 रुपए की राशि अपनी ओर से दी।

# प्राचीन सिद्ध गणपति मंदिर में गणेशोत्सव शुरू



**मंडी।** छोटी काशी मंडी में गणपति उत्सव की धूम शुरू हो गई है और हर मोहल्ले वालों ने श्री गणपति भगवान की मूर्तियां स्थापित की है। वहीं सिद्ध गणपति मंदिर ट्रस्ट द्वारा शनिवार को गणपति उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंदिर में प्रथम पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आर के पुर्थी, पार्षद सुमन ठाकुर, ट्रस्ट के प्रधान दिनानाथ सैनी, महासचिव ताराचंद पटेल, कोषाध्यक्ष मुरारी शर्मा, मुख्य सलाहकार नारायण दास सैनी, ट्रस्टी अनिल शर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, बीना शर्मा, उत्तम सैनी, नरेश शर्मा, रमेश, दिलीप, चंद्रमणि, दजी सी, जीसी सैनी व सैण महिला मंडल की सदस्य व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।







## जोगिंद्रनगर में निकली गणपति की भव्य शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गणेश महोत्सव की शुरुआत गणपति महाराज की शोभायात्रा से हुई। गणेश महोत्सव समिति के प्रेस सचिव अमित सूद ने बताया कि आज से हर रोज सायं 7.30 बजे से रात 10 बजे तक गणपति महाराज जी के पंडाल में स्थानीय एवं प्रदेश के प्रसिद्ध गायकों द्वारा गुणगान किया जाएगा। गणेश महोत्सव कि प्रथम भजन संध्या में प्रदेश के प्रसिद्ध गायक कलाकार सुरेश राठौर अपनी मधुर आवाज में गणपति बप्पा का गुणगान करेंगे। वहीं सुर ध्वनि में अंकु, गोलडी व लक्की उनका साथ देगें।

# डडौर-बग्गी सड़क पर सफर रिस्की

**अनंत ज्ञान, रत्ती**

डडौर से बग्गी सड़क को लगता है लोक निर्माण विभाग भूल ही गया है। विभागीय लापरवाही से कभी भी यह बड़ा हादसा हो सकता है जिसमें जान जाने का भी खतरा हो सकता है। डडौर चौक के पास सड़क की हालत दयनीय बनी हुई है। यहां पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। रोजाना यहां से हजारों की संख्या में दोपहिया वाहन तथा बड़े वहां गुजरते हैं। दोपहियां वाहन चालक को तो हर समय जान का खतरा बना रहता है वहीं चारपहिया वाहन चालक भी यहां गाड़ी चलाते समय डरते हैं। डडौर चौक के पास पिछले दो वर्षों से हालत दयनीय बनी हुई है। यहां पर सड़क की हालत खस्ता होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही से यह सड़क हादसों की सड़क बनकर रह गई है। बग्गी तक हर जगह गड्ढे ही गड्ढे पड़े हुए हैं। वहीं सड़क के दोनो और निकासी नालियां भी सही ढंग से नहीं बनाई गई है। निकासी नालियां सड़क से सटाकर बना दी गई हैं। जिस कारण यहां हादसे होना रोजाना की बात बन गई है। वहीं लोक निर्माण विभाग सड़क की मरम्मत करने के नाम पर दो वर्षों से मात्र मिट्टी व पत्थर से लीपापोती करता आ रहा है।



सड़क की दयनीय हालात का दृश्य।

### अतिक्रमण बन रहा है बड़ा कारण

लोगों का कहना है कि इस सड़क की दयनीय हालत का कारण यहां पर हुआ अतिक्रमण है। सड़क की दोनों और अतिक्रमण किया गया है जिस कारण सभी अपनी मनमानी से यहां पर पानी फेंकते हैं तथा गाड़ियां पार्क करके रखते हैं। लोक निर्माण विभाग को भी इस बारे में कई बार शिकायत की गई लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।

### नलसर से चुनाहन सड़क की हालत भी दयनीय

**बल्ह** उपमंडल के नलसर से चुनाहन सड़क बहुत पुरानी सड़क है। यह सड़क छः पंचायतों के सैकड़ों की लाइफ लाइन मानी जाती है। इस सड़क में भी जगह जगह खड्डे पड़े हुए हैं जिसमें वाहन चलाना काफी मुश्किल होता है।

"डडौर चौक के पास सड़क की हालत को लेकर विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। जल्द ही इसे दुरुस्त किया जाएगा। निशानदेही करवाई जाएगी। जिन लोगों ने अतिक्रमण किया होगा उन्हे नोटिस सख्त करवाई की जाएगी।

**-भूपेंद्र पाल , सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, नेरचौक।**

## गुड़ मझवाड़ सडवाल सड़क की दुर्दशा पर भड़के ग्रामीण

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भरनाल के तहत गुड़ मझवाड़ सडवाल सड़क पिछले दो दशकों से महज राजनीतिक रोटियां सेंकने का ही जरिया बनी हुई है। इस सड़क का कांग्रेस व भाजपा सरकारों द्वारा दो दशकों में दो बार उद्घाटन तो कर दिए परंतु आज दिन तक सड़क की स्थिती सुधारने और टायरिंग करने को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किए गए। स्थानीय लोग रोशन लाल, प्रेम चंद, गुरुदेव, संजय कुमार, विनोद कुमार, कर्म सिंह सुरेन्द्र कुमार, महेंद्र सिंह, जय सिंह, अश्वनी कुमार, बेसर राम आदि का कहना है कि अगर जल्द इस सड़क को ठीक नही किया तो सड़को पर धरना प्रदर्शन करने से भी गुरेज नही करेंगे। अधिशाषी अभियंता सरकाघाट चुनी लाल ने बताया कि इस सड़क की एफसीए की मंजूरी व कुछ व्यक्तियों की जमीन विभाग के नाम करने के लिए रह गई है जैसे ही यह कार्य होते हैं। उसके बाद सड़क की दशा सुधारने का टेंडर लगा दिया जाएगा।



## गणेश चतुर्थी पर नेरचौक बाजार में निकली गणपति की भव्य यात्रा

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नेरचौक के मुख्य बाजार में गणपति की भव्य रैली का आयोजन किया गया। भक्तों की भीड़ ने पूरे बाजार को उत्सवी माहौल में रंग दिया।



शोभायात्रा के दौरान सामूहिक चित्र में

रैली की शुरुआत चाक के गोहर स्थित पौराणिक काली माता के मंदिर से हुई, जहां बल्ह के एसडीम विशाल शर्मा ने शामिल होकर विशेष पूजा-अर्चना की और उसके बाद गणपति की प्रतिमा को लेकर शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ नेरचौक राणा मार्केट में स्थित शिव मंदिर जाकर गणपति की विशाल मूर्ति को स्थापित किया।

# डीपीएफ स्वाड़ में देखे गए मादा तेंदुआ व चार शावक

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वन क्षेत्र उरला में विभाग के कर्मचारियों को रात के अंधेरे में चार शावकों डीपीएफ शिल्हा स्वाड़ के पास यह तेंदुआ परिवार नजर आने की सूचना है। मादा तेंदुआ चार शावकों के साथ जंगल से सड़क की दिशा में जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार गाड़ी की रोशनी में सारे का सारा झुंड सहमें हूए आगे बढ़ गया। यह मामला बरोट वाली सड़क का बताया गया है। रेंज ऑफिसर शिवम रत्न के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो मोबाइल में कैद है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अफवाह यह भी है कि यह वीडियो को चंबा जिला के डलहौजी का है।

डीएफओ कमल भारती (जोगेंद्रनगर) ने कहा रात्रि गश्त के दौरान आमतौर पर वन कर्मियों को कई जानवरों को प्रत्यक्ष व नजदीक से देखने को मिल जाता है। ऐसे में घबराना नहीं चाहिए पर सचेत रहना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि उरला वन क्षेत्र में तेंदुआ और भालू प्रजाति के काफी जंगली जानवर पाए जाते हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगे लाखों

**अनंत ज्ञान, मंडी**

विदेश भेजने के नाम पर सुंदरनगर के एक युवक से 20 लाख 45 हजार की ठगी हुई है। इस संदर्भ में पुलिस थाना सुंदरनगर में भी शिकायत दर्ज करवाई गई है। शिकायत में रूपलाल ने बताया कि उसे कुछ माह पहले विदेश में रोजगार को भेजने वाली एबी इंटरनेशनल कंपनी दिल्ली के कार्यालय का पता चला तथा वहां गये। जहां उनकी बात इंदिरा मणि पत्नी रणधीर से हुई जो उस कार्यालय की मालकिन है।

महिला ने बोला कि उनके पास कजाकिस्तान का काम है, जिस पर उन्होंने अपने पासपोर्ट महिला को दे दिए। जिसके कुछ दिनों के बाद उन्होंने इन्द्रा मणि व स्नेहलता के खाता में 12 लाख 50 हजार रुपए डाले और कंपनी के एबी इंटरनेशनल के कोटक महिंद्रा के खाते में 7 लाख 95 हजार रुपये डाले। लेकिन बाद में न तो महिला ने उनका वीजा लगाया और न ही उनके पैसे लौटाए। रुपलाल का कहना है कि उनके साथ विदेश भेजने के नाम पर 20 लाख 45 हजार रुपयों की धोखाधड़ी हुई है।

एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि सुंदरनगर पुलिस में इस सदंर्भ में रूपलाल ने शिकायत दर्ज करवाई है।

## 3 दिन में पकड़ी 390 अवैध शराब की पेटियां

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी में बीते 3 दिनों को अवैध शराब की पेटियों का आंकड़ा 400 को छूने वाला है। मंडी सदर थाना में 162 पेटियां, जोगिंद्रनगर में 138, सुंदरनगर में 90 पेटियां पकड़ी गई हैं। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि मंडी और सुंदरनगर में अवैध शराब के मामले में 3 ट्रक चालकों को गिरफ्तार किया गया है लेकिन जोगिंद्रनगर का आरोपी ट्रक लेकर भाग गया था और पेटियां जंगल में उतार दी थी, लेकिन ट्रक की पहचान कर ली गई है। वैध शराब में देशी, अंग्रेजी, बीयर की पेटियां बरामद की गई है।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय में जड़ी-बूटियों पर करवाई प्रशिक्षण कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

अभिलाषी विश्वविद्यालय, चैलचौक, मंडी ने पारंपरिक अंडर-यूटिलाइज्ड फसलों और जड़ी-बूटियों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि शिक्षा और सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं की आजीविका को बढ़ाना था।



कार्यशाला के उपरांत सामूहिक चित्र में ।

समारोह में मुख्यातिथि स्नेहा शर्मा, सीईओ, ग्रामीण किसान विकास और कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने दीप प्रज्वलन किया। प्रो. चौधरी ने शर्मा को 'माउंटेन एग्रीकल्चर प्रमोटर (पर्वतीय कृषि प्रवर्तक)' की उपाधि से सम्मानित किया और राज्य के अन्य किसानों के समर्थन के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की घोषणा की।

प्रो. चौधरी ने पारंपरिक फसलों की स्थायी कृषि और ग्रामीण विकास में भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यशाला में 40 स्वयं-सहायता समूह के सदस्यों और विभिन्न विभागों के डीन, एचओडी ने भाग लिया। डॉ. रितिका सिंह, पारंपरिक फसलों का संरक्षण परियोजना का नेतृत्व करते हुए, कृषि अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में अभिलाषी विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को और अधिक स्पष्ट किया।

# निबंध प्रतियोगिता में बालू स्कूल की लक्षिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राजभाषा हिन्दी के प्रसार के लिए भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति सदन मोतीपुर में राजभाषा पखवाड़े के दौरान भाषण, निबंध तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 45 पाठशालाओं के विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता के तहत तकनीकी युग में हिन्दी भाषा, हिन्दी का वर्तमान और भविष्य विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

निबंध प्रतियोगिता में भारत का गौरव हिन्दी, आधुनिक शिक्षा पद्धति में हिन्दी की दशा एवं दिशा विषय पर विचार लिखे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिन्दी व्याकरण व हिन्दी साहित्य के संबंधित प्रश्न पूछे गए। निबंध प्रतियोगिता में बालू स्कूल की लक्षिता शर्मा प्रथम, तल्याहड की हर्षिता द्वितीय रहे। भाषण में प्रथम रियंका कश्यप व द्वितीय सुश्रुत रही। प्रश्नोत्तरी में प्रथम भव्या जम्बाल, द्वितीय पल्लवी ठाकुर रही। समापन कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक (मध्य क्षेत्र) सौम्या सांबशिवन मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को पुरस्कृत किया।



कार्यक्रम के उपरांत आयोजक व प्रतिभागी सामूहिक चित्र में ।

प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 12 सितंबर को शिमला गेयटी थियेटर शिमला में सम्मानित किया जाएगा।

# भराड़ू स्कूल में प्रतियोगिताएं शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला भराड़ू, जोगिंद्रनगर जोन की 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर द्वारा किया गया।



भराड़ू स्कूल प्रधानाचार्य मुख्यातिथि जीवन ठाकुर को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य पीआर चौहान ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के आयोजन के लिए छात्रों, स्थानीय जनता और विद्यालय प्रबंधन समिति ने पूरा सहयोग दिया।

मुख्यातिथि जीवन ठाकुर को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रवर्धन समिति के प्रधान, स्थानीय पंचायत के प्रधान व उपप्रधान, शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## पेंशनरों की बैठक 14 को दरंग में

**अनंत ज्ञान, पधर।** हिम आंचल पेंशनर संघ द्रंग की बैठक 14 सितंबर को सुबह 11 बजे वन विश्राम गृह दरंग में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष एमसी चौहान करेंगे। पेंशनरों ने सरकार की अनदेखी और संवेदनहीनता पर चिंता जताई है।

पेंशनरों ने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब पेंशनरों और कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नियमित रूप से नहीं हो रहा है। पेंशनरों ने कहा कि 14 सितंबर को दरंग में बैठक आयोजित कर अपनी मांगों को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

**बैठक** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 14 सितंबर से 1 अक्तूबर तक होगा आयोजित

# स्वच्छता की भागीदारी के लिए लोगों की सहभागिता होगी सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 14 सितंबर से 1 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा शनिवार को वीसी रूम में इस संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन प्रमुख बिंदुओं पर आधारित रहेगा, जिस दौरान अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पहला स्वच्छता की भागीदारी के तहत लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा उन्हें जागरूक किया जाएगा। दूसरा सम्पूर्ण स्वच्छता के तहत सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, संस्थानों, मार्किट, शिक्षण संस्थान, सार्वजनिक परिवहन, मुख्य मार्ग, उच्च मार्ग, ट्रैकिंग व कैंपिंग साईज, नदियां, झीलें, तालाब, पर्यटक स्थल आदि स्थानों पर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।





बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ।

तीसरे स्वच्छता की भागीदारी के तहत सफाई व्यवस्था में लगे तथा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित कर रहे सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच के लिए सिंगल विंडो कैंप आयोजित किए जाएंगे तथा उनके कल्याण के लिए कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागों का आह्वान किया कि वह स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए युवक व महिला मंडल, एनजीओ, पंजीकृत सोसायटी, सिविल सोसायटी तथा स्कूली छात्रों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को जिला, खंड तथा ग्राम स्तर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। 15 सितंबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। 16 से 21 सितंबर तक जल स्रोतों की सफाई तथा वेस्ट प्लास्टिक को एकत्रीकरण करने का अभियान चलाया जाएगा जबकि 22 से 24 सितंबर तक स्वच्छता के लिए गांव में श्रमदान किया जाएगा। 25 से 28 सितंबर तक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

29 सितंबर से पहली अक्तूबर तक सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में पंचायती राज संस्थाओं तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा सफाई अभियान चलाया जाएगा जबकि 2 अक्तूबर को इस अभियान के दौरान बेहतर कार्य करने वाले स्टेक होल्डर को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## 450 करोड़ घोटाले की जांच करवाएं विधायक : जसवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता एवं ग्राम पंचायत सिमस के प्रधान विवेक जसवाल ने भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। जसवाल ने भाजपा कार्यकाल में हुए 450 करोड़ रुपए के घोटाले की बात उठाते हुए इसकी गहन जांच की मांग की। उन्होंने भाजपा विधायक प्रकाश राणा से अपील की कि वे इस घोटाले को विधानसभा में उठाएं ताकि इसकी निष्पक्ष जांच हो सके।

जसवाल ने बताया कि भाजपा विधायक प्रकाश राणा द्वारा लोक निर्माण विभाग में 9 करोड़ के गबन के आरोप लगाए गए हैं, जो पूरी तरह से झूठे और भ्रामक हैं। यह पैसा सड़कों और नई परियोजनाओं के निर्माण में खर्च किया गया है और इसके लिए जांच जारी है।

# किसान यूनियन कार्यकारिणी का हुआ गठन


**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुगराई में हिमाचल किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी ने की। इस बैठक में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ब्रह्म दास चौहान ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की।



ब्रह्मदास चौहान व यूनियन के सदस्य सामूहिक चित्र में।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ब्रह्म दास चौहान ने किसानों को प्रदेश सरकार व प्रशासन के माध्यम से इनकी समस्याओं का समाधान करवाने का किसानों को आश्वासन दिया। वहीं यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी ने यूनियन को लेकर किसानों को विस्तृत जानकारी दी और भविष्य में यूनियन की किसानों को लेकर क्या योजना है उस पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिमाचल किसान यूनियन की पंचायत स्तर पर कार्यकारिणी का सर्व समिति से गठन किया गया जिसमें अबजान मोहम्मद प्रधान, सुहिल खान सचिव, इमरान खान कोषाध्यक्ष व मोहम्मद आरिफ को मुख्य सलाहकार का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में 10 सदस्यों का चयन किया गया।












# शिव भक्तों की सबसे बड़ी छड़ी भरमौर से मणिमहेश के लिए रवाना

**भरमौर।** शनिवार को जम्मू के डोडा से शिव भक्तों की सबसे बड़ी छड़ी भरमौर से मणिमहेश के लिए रवाना हो गई है। इस छड़ी के साथ 700 के करीब शिव भक्त बताए जा रहे हैं। इस छड़ी की अगुवाई महंत पन्नालाल पिछले 37 सालों से लगातार करते आ रहे हैं। यह छड़ी वीरवार को भरमौर पहुंची थी जहां पर 2 दिन रुकने के बाद माता ब्राह्मणी में लंगर लगाने के बाद शनिवार को यह छड़ी हड़सर के लिए रवाना हो गई है। यह छड़ी 3 सितंबर को जम्मू के डोडा से चली थी और राधा अष्टमी के दिन स्नान करने के बाद वापस रवाना होगी। इस छड़ी में भारी संख्या में महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल हैं। इस बारे में महंत पन्नालाल ने कहा कि माता पार्वती का मायका जम्मू-कश्मीर में बताया जाता है जिसके बाद बुजुर्गों की कथा अनुसार वह यहां पर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती को मायके आने का निमंत्रण देने के लिए यहां पर आते हैं।

भरमौर से मणिमहेश निकलने से पहले जम्मू कश्मीर से आए सबसे बड़ी छड़ी के प्रमुख महंत पन्नालाल और उनके साथियों ने भरमौर प्रशासन खासकर कार्यकारी एडीएम कुलबीर सिंह राणा का आभार व्यक्त किया है।









## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से प्रभावित हुआ डलहौजी का पर्यटन कारोबार

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से हिमाचल का पर्यटन उद्योग बाद ही ज्यादा प्रभावित हुआ है जिसका असर जिला चंबा के पर्यटन उद्योग में भी साफ और से देखने को मिल रहा है बता दें कि पिछले एक महीने से डलहौजी, खजियार, डायन कुंड, काला टॉप, जोत जो साल भर पर्यटकों से गुलजार रहते थे वह अब सुने दिखाई दे रहे हैं। जिससे स्थानीय छोटे बड़े कारोबारी होटल व्यापारी रेहड़ी-फड़ी वाले सभी आर्थिक मंदी का शिकार होते दिखाई दे रहे हैं। इस बारे में जब जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया हिमाचल जल्द ही पर्यटकों से गुलजार होगा। वहीं इस बारे में जब डलहौजी के होटल कारोबारी ने बताया कि कोरोना काल के बाद अब तक आर्थिक मंदी से उभर नहीं पाए हैं हिमाचल पर्यटन के विपरीत अगर बात जम्मू-कश्मीर एवं लेह लद्दाख पर्यटन की करें तो वहां 12 महीने भारी रश देखने को मिल रहा है।

### स्वास्थ्य केंद्र राजनगर में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आज राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर मे आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अनुराधा महाजन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर ने बताया कि यह पखवाड़ा 25 अगस्त से लेकर 8 सितंबर तक चल रहा है और जिस में लोगों को आंखों की देखभाल और आंखों की बीमारीयों तथा मृत्यु के बाद आंखों के दान के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वैभवी गुरुंग ने बताया कि इस नेत्र दान पखवाड़ा मे नेत्र संबंधित जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सीआर ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### मऊआ स्कूल बैडमिंटन में तीसरी बार बना विजेता



**चंबा ।** अंडर 14 गर्ल्स खंड स्तरीय-2 की खेलकूद प्रतियोगिता में मऊआ स्कूल लगातार तीसरी बार विजेता बनने पर खिलाड़ी छात्राओं और शारीरिक शिक्षक प्रवीन कुमार का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार और सभी स्कूल के अध्यापकों ने खुशी जाहिर की। इस मौके पर कंदला पंचायत के प्रधान, उप प्रधान विनोद कुमार और एसएमसी के प्रधान कुमारी ववित व सदस्य, सेवा निर्मित तहसीलदार हंसराज मौजूद रहे।

### सभी आउटसोर्स का वेतन समय से जारी करे सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के सभी पैरा वर्कर्स, आउटसोर्स कर्मियों को सरकार समय से मानदेय जारी करे। जल रक्षकों ने बीते कल विधानसभा कूच के दौरान अपनी व्यथा मीडिया के सामने कही। मानदेय बहुत कम होने के बावजूद भी उन्हें समय से नहीं मिलता, 6 महीनें तक इंतजार भी करना पड़ता है। तब जाकर कहीं वेतन आता है। यह स्थिति प्रदेश के अन्य पैरावर्कर्स की भी है। कई विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मी भी जब मिलते हैं तो उनकी भी यही शिकायत रहती है कि उनका वेतन बहुत विलंब से आता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि सभी का वेतन और मानदेय समय से आए। देर से वेतन और मानदेय आने से सभी को बहुत समस्या होती हैं। हर किसी को परिवार चलाना है, जिसके लिए समय से उनके काम की क़ीमत मिलनी ही चाहिए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार जल रक्षकों की मांगों को सुने और सहानुभूतिपूर्वक विचार करे। सरकार ने तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए सभी से संवाद का मार्ग बंद कर दिया है। सरकार से आज हर वर्ग क्यों हताश होकर सड़कों पर है सरकार को इस बारे में भी विचार करने की आवश्यकता है। प्रदेश में विकास के हर तरह के काम रुके हैं। लोगों को रोज़गार मिल नहीं रहा है। कांग्रेस द्वारा चुनाव के पहले हर वर्ग को तमाम तरह के आश्वासन दिए गये लेकिन सरकार बनने के बाद उन वादों को पूरा करना तो दूर की बात है लोगों की बातें तक नहीं सुनी गई। तानाशाही और संवादहीनता के कारण आज यह स्थिति बनी है।

## चौरासी परिसर में शिव गूर श्रद्धालुओं को देंगे आशीर्वाद

**ओपी शर्मा, भरमौर**

शनिवार को त्रिलोचन महादेव के वंशज व भरमौर के संचूई निवासी शिव गूरो ने चौरासी परिसर में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में डेरा लगा दिया है। यह शिव गुरु अगले दो दिनों तक यहां बैठकर मणिमहेश जाने वाले श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देंगे।

इस दौरान मंदिर परिसर में बैठते ही श्रद्धालुओं द्वारा उनके आशीर्वाद लेने की भीड़ लगी रही। भगवान शिवजी के चेले अगले दो दिनों तक यहां पर बैठकर मणिमहेश जाने वाले श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे और 9 सितंबर को विधिवत तरीके से संचूई गांव से निकलकर मणिमहेश के लिए रवाना होंगे।

जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधान धर्म सिंह उत्तमचंद चमन लाल विजय कुमार सहित शिव गुरु ने कहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 सितंबर से लेकर 8 सितंबर तक शिव गुरु 84 परिसर में बैठकर मणिमहेश जाने वाले श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। उन्होंने कहा कि 9 सितंबर को समस्त भगवान शिव जी के चेले संचूई गांव से 9:00 बजे मणिमहेश के लिए रवाना होंगे। 9 तारीख को इस छड़ी का प्रवास धनछो में रहेगा।


चौरासी परिसर में मौजूद संचूई निवासी शिव गूर ।

इसके बाद सुबह ही यहां से निकाल कर 12:00 के बाद पवित्र मणिमहेश की डल झील में डल तोड़ने की रस्म को अदा किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि यह रस्म सप्तमी के दिन अदा की जाएगी। राधा अष्टमी का स्नान 11 सितंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु डल पवित्र डल झील में शाही स्नान करके पुण्य अर्जित करेंगे।

जानकारी के मुताबिक त्रिलोचन भगवान को भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय भक्त माना जाता था पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान भोलेनाथ त्रिलोचन नामक व्यक्ति को अपने साथ मणिमहेश के लिए ले गए थे जहां पर पहुंचने के बाद भगवान भोलेनाथ अंतर्ध्यान हो गए और उनका 6 महीने तक कपड़े सिलने का काम दिया। मान्यता के अनुसार भगवान भोलेनाथ ने जब दोबारा वापस उनको भेजा तो तब से उनके वंशजों को आशीर्वाद दिया है कि जब तक उनके वंशज इस पवित्र डल झील में डल तोड़ने की रस्म अदा नहीं करेंगे तब तक शाही स्नान पूर्ण रूप से नहीं माना जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## राज्यस्तरीय शिक्षक पुरस्कार मिलने पर सुभाष कुमार सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**


सुभाष को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

राज्य स्तरीय अध्यापक पुरस्कार मिलने के पश्चात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लड्डा में पहुंचने पर पाठशाला प्रबंधन समिति तथा प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लड्डा नें राज्य पुरस्कार विजेता 2024 सुभाष चंद का स्वागत किया।

सुभाष कुमार का स्वागत पाठशाला के कार्यकारी प्रधानाचार्य कल्याण सिंह ठाकुर करते हुए बताया कि यह हमारे विद्यालय के साथ-साथ हमारे इलाके के लिए भी हर्ष का विषय है कि हमारी पाठशाला से इस वर्ष राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हिंदी भाषा के अध्यापक सुभाष चंद का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने भी पाठशाला के अध्यापक सुभाष चंद को राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जाहिर की है ।

## दशनामी अखाड़ा की पवित्र छड़ी चौथे दिन पहुंची भरमौर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



दशनामी अखाड़ा की पवित्र छड़ी चौथे दिन शनिवार को भरमौर चौरासी प्रांगण में स्थित श्री जय कृष्ण गिरी जी के मंदिर में पहुंच गई। यह छड़ी शनिवार और रविवार को भरमौर में रुकेगी। सोमवार सुबह दस बजे के बाद ये पवित्र छड़ी मणिमहेश के लिए रवाना होगी,जो हड़सर, धन छो ठहराव के बाद ग्यारह दस सितंबर को डल झील पहुंचगी। इससे पहले शनिवार को भरमौर पहुंचने पर भरमौर के मुख्य पुजारी लक्ष्मण दत्त शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद छड़ी को वावा जय कृष्ण गिरी जी के मंदिर में विराजमान करवाया।

## गुरु नानक स्कूल में मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

गणेश चतुर्थी की पावन अवसर पर गुरु नानक पब्लिक स्कूल डलहौजी में भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया इसमें स्कूल परिसर में भगवान गणेश की प्रतिमा को विधिवत्त पूजा अर्चना सहित स्थापित किया गया इस आयोजन में समस्त स्कूल के प्रबंधन, अध्यापक, स्कूली बच्चों एवं समस्त स्कूल के कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस आयोजन में गुरु नानक पब्लिक स्कूल में पूजा-अर्चना के उपरांत भजन कीर्तन भक्ति श्लोक एवं भगवान गणेश की स्तुति में नृत्य भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर इस आयोजन में और विचार चांद लगा दिए छोटे बच्चों ने गणेश वन्दना प्रस्तुत कर सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित किया।इस आयोजन को लेकर प्रधानाचार्य नवदीप भंडारी ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन से बच्चों में धार्मिक प्रवृत्ति उत्पन्न होती है और बच्चों में मानसिक शांति का भाव उत्पन्न होता है । (अनंत ज्ञान)


पूजा-अर्चना के दौरान मौजूद बच्चे व अन्य।

## शिमला के एवरसनी में हुआ भूस्खलन

**शिमला ।** शिमला के एवरसनी के नजदीक भारी भूस्खलन हुआ है। जिस कारण वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। वहीं एक मकान को गिरने का खतरा भी बना हुआ है। सड़क मार्ग को खोलने के लिए जेसीबी लगी है। वहीं लोगों के बीच यहां पर अफरा-तफरी मची है।



## छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं का किया निरीक्षण

**दशमी रावत, जुब्बल।** पुस्तकालय निरीक्षण समिति ने लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर के पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या का विवरण, छात्रों को वितरण, समाचार पत्र-पत्रिका, लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर, दैनिक लाभान्वित छात्रों व प्राध्यापकों का ब्यौरा, रीडिंग कक्षा में व्यवस्था व विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। प्राचार्य डा. रामलाल शर्मा, डा. दीप शिखा व महाविद्यालय सुन्नी के सह-पुस्तकालय अध्यक्ष कुसुमलत्ता शर्मा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## डिलीवरी के दौरान गलत टांके लगाने से महिला परेशान

**आदर्श यादव, नेरचौक**

लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में चिकित्सकों द्वारा मरीज के साथ हुई लापरवाही का एक मामला सामने आया है। परमजीत कौर पत्नी संता सिंह निवासी गोहर की 14 जुलाई को लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेर चौक में नॉर्मल डिलीवरी हुई। परमजीत कौर ने एक स्वस्थ बालक को जन्म दिया।

डिलिवरी के बाद प्रसुति कक्ष में चिकित्सकों ने परमजीत कौर को कुछ टांके लगाए। जो क्रॉस टांके लगा दिए। लगभग डेढ़ महीना बीत जाने के बाद भी परमजीत कौर की तकलीफ कम नहीं हुई तो उन्होंने एक निजी चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सक से चैकअप करवाया। उन्होंने बताया कि आपके टांके ही गलत तरीके से लगाए गए हैं।

इस बारे में जब पीड़िता ने लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेर चौक में चिकित्सकों से परामर्श किया तो उन्होंने बताया कि उनके टांके गलत लग गए हैं। उनको दुबारा से सर्जरी करवानी पड़ेगी। जिसके लिए उनको दो दिन के लिए एडमिट होना पड़ेगा। वहीं पर पीड़िता के घर वालों का कहना है इस तरह की लापरवाही करने वालों के खिलाफ मेडिकल कॉलेज प्रशासन सख्ती के साथ कार्यवाही करें। ताकि भविष्य में किसी और के साथ इस तरह की लापरवाही की घटना न घटे। (अनंत ज्ञान)

> शिकायतकर्ता अस्पताल प्रबंधन को अगर शिकायत करता है तो इस मामले की वास्तविकता जानकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
> **-दीपाली शर्मा, एमएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नेरचौक।**

> इस प्रकार की कोई भी शिकायत अभी तक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रबंधन को नहीं मिली है शिकायत आने पर मामले की जांच करवाई जाएगी।
> **-डॉ. डीके वर्मा, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज नेरचौक।**

## शिव लंगर सेवा समिति बनीखेत ने लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**


लंगर के दौरान मौजूद गणमान्य।

आज शिव लंगर सेवा समिति बनीखेत द्वारा एनएच154 ए पर तलगुट के पास सालाना आठवां लंगर आयोजित किया गया, जिसमें पवित्र मणिमहेश यात्रा पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद रूपी लंगर का आयोजन किया गया।

लंगर सेवा समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते सात वर्षों से लगातार शिव लंगर सेवा समिति हर वर्ष लगातार लंगर करवाता आ रहा है और इस बार यह आठवां सालाना लंगर है।

उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि सोमवार रात्रि को इसी स्थान पर न्वाले का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानीय लोगों के अलावा आने जाने वाले मणिमहेश यात्री भी सारी रात भगवान शिव का गुणगान कर सकते हैं।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 85 | 65 | 45 | 195 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 45 | 36 | 26 | 107 |
| 03. | अमेरिका | 31 | 38 | 21 | 90 |
| 04. | नीदरलैंड | 26 | 14 | 11 | 51 |
| 05. | इटली | 20 | 14 | 30 | 64 |
| 06. | ब्राजील | 19 | 24 | 34 | 77 |
| 07. | यूक्रेन | 18 | 23 | 29 | 70 |
| 08. | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 24 | 27 | 59 |
| 09. | फ्रांस | 17 | 25 | 26 | 68 |
| 10. | जापान | 13 | 10 | 15 | 38 |
| 18. | भारत | 06 | 09 | 12 | 27 |

# पैरालंपिक : प्राची कैनो स्प्रिंट के फाइनल में

**एजेंसी, पेरिस**




भारतीय कैनो स्प्रिंटर प्राची यादव ने शनिवार को पैरालंपिक की महिलाओं की वीएल2 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। प्राची (29 वर्ष) ने दूसरे सेमीफाइनल 2 में 1:05.66 मिनट का समय निकाला। इससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली उज्बेकिस्तान की इरोडाखोन रुस्तमोवा (1:04.39) और ब्रिटेन की जीनेट चिपिंगटन (1:02.65) से पीछे रहीं।

शुक्रवार को उन्होंने हीट में चौथा स्थान हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। शीर्ष स्थान पर रहने वाली कैनो स्प्रिंटर सीधे फाइनल में प्रवेश करती है। प्राची टोक्यो पैरालंपिक में महिलाओं की वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में 8वें स्थान पर रही थीं। भारत के एकमात्र पुरुष कैनो स्प्रिंटर यश कुमार का अभियान पुरुषों की केएल1 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में 5वें (1:02.03) स्थान पर रहने के बाद समाप्त हो गया। सेमीफाइनल में शीर्ष तीन ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। शुक्रवार को वह हीट में छठे स्थान पर रहे थे। भारत की एक अन्य कैनो स्प्रिंटर पूजा ओझा रविवार को महिलाओं की केएल1 200 मीटर सेमीफाइनल में भाग लेंगी। वीएल2 वर्ग में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके पैर और धड़ वाले हिस्से में विकार हो जिससे वे कयाक में सीधे बैठ सकते हैं, लेकिन उन्हें ऊंची पीठ वाली सीट की जरूरत हो सकती है।

## तैराक सुयश जाधव फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे



**पैरा** तैराक सुयश जाधव शनिवार को यहां पैरालंपिक की पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 के फाइनल में प्रवेश करने में विफल रहे जिससे इस खेल में भारत का अभियान समाप्त हो गया। हीट 1 में प्रतिस्पर्धा करते हुए 30 वर्षीय सुयश 33.47 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे जो कुल मिलाकर 10वां स्थान था। दो हीट से शीर्ष चार तैराक फाइनल में पहुंचते हैं। जाधव एशियाई पैरा खेलों, विंटर ओपन पोलिश चैंपियनशिप और आईडब्ल्यूएएस विश्व खेलों में स्वर्ण पदक विजेता हैं। महाराष्ट्र के सोलापुर के रहने वाले जाधव जब छठी कक्षा में थे तो लोहे की छड़ से खेलते समय गलती से यह बिजली की लाइन से छू गई थी।

इसके बाद उनके दोनों हाथ कोहनी के नीचे से काटने पड़े। वह लगातार तीन पैरालंपिक - रियो 2016, तोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में 'ए' क्वालीफाइंग मार्क हासिल करने वाले पहले भारतीय पैरा तैराक बने। एस7 श्रेणी में वो पैरा तैराक हिस्सा लेते हैं जिनके हाथ, धड़ और पैरों का मूवमेंट प्रभावित होता है या फिर छोटे कद वाले होते हैं या जिनके पैर नहीं होते।

## पॉवर लिफ्टर कस्तूरी राजमणि पैरालंपिक खेलों में 8वें स्थान पर रहीं



भारत की कस्तूरी राजमणि ने पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की 67 किग्रा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में 9 प्रतियोगियों के बीच 8वें स्थान पर रहकर अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की लेकिन प्रभाव डालने में असफल रहीं।

तमिलनाडु की 40 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले प्रयास में असफल होने के बाद अपने दूसरे प्रयास में 106 किग्रा वजन उठाया और फिर तीसरे और अंतिम प्रयास में 110 किग्रा वजन उठाने में असफल रहीं। 2023 में हांग्झोउ पैरा खेलों में 5वें स्थान पर रही कस्तूरी ने एक पैरा निशानेबाज मित्र के जोर देने पर पावरलिफ्टिंग शुरू की थी और पिछले साल खेलो इंडिया पैरा खेलों में 67 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। चीन की दो बार के पैरालंपिक चैंपियन और पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में शीर्ष पोडियम स्थान के अलावा चार विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता 33 वर्षीय युजियाओ टैन ने शानदार अंदाज में खिताब की हैट्रिक बनाई।

उन्होंने 142 किग्रा वजन उठाकर विश्व और पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया। मिस्र की फातमा एलियन ने 139 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता जबकि ब्राजील की फातिमा डी मारिया ने 133 किग्रा वजन से कांस्य पदक जीता।

## स्पोर्ट्स विंडो

### रविचंद्रन अश्विन ने घरेलू क्रिकेट में डीआरएस का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मौजूदा दलीप ट्रॉफी में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) को लागू करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे युवा बल्लेबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने से पहले आवश्यक तकनीकी बदलाव करने में मदद मिलेगी। अश्विन शुक्रवार की शाम को अनंतपुर में खेले जा रहे दलीप ट्रॉफी मैच के दौरान भारत-डी के बल्लेबाज रिकी भुई को पगबाधा आउट दिए जाने के बाद चली चर्चा पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। मैदानी अंपायर ने तब बल्लेबाज को आउट नहीं दिया था, लेकिन भारत-सी ने डीआरएस का सहारा लिया जिसके बाद भुई को पैवेलियन लौटना पड़ा।



### क्रिकेट : ईस्ट दिल्ली राइडर्स दिल्ली प्रीमियर लीग के फाइनल में

**नई दिल्ली।** ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने हर्ष त्यागी के ऑलराउंड खेल की मदद से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को चार विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के फाइनल में प्रवेश किया। बारिश के कारण मैच को प्रति टीम 18 ओवर कर दिया गया, जिसके बाद नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने चार विकेट पर 173 रन बनाए। ईस्ट दिल्ली ने इसके जवाब में त्यागी के 17 गेंदों पर नाबाद 43 रन की बदौलत 17.3 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। त्यागी के अलावा उसकी तरफ से हिम्मत सिंह ने 27 रन का योगदान दिया। त्यागी ने इससे पहले 17 रन देकर दो विकेट भी लिए थे।

### अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में निकिता ने जीता रजत पदक

**पोंटेवेद्रा (स्पेन)।** भारतीय पहलवान निकिता ने यहां अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा ने 57 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया। निकिता फाइनल में यूक्रेन की पहलवान इरीना बोंदर से 1-4 से हार गईं। पिछले महीने अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नेहा ने महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में हंगरी की गेरडा टेरेक को 10-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से पांच पदकों (एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य) के साथ अपने अभियान का समापन किया।

### कुश्ती के लिए रितु ने छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली ।** रितु फोगाट भारतीय मार्शल आर्टिस्ट और पहलवान हैं।8 साल की उम्र में रितु फोगाट ने अपने पिता महावीर सिंह फोगाट से कुश्ती की ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी थी। 10वीं कक्षा पूरी करने के बाद रितु फोगाट ने अपने कुश्ती करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पढ़ाई छोड़ दी थी।



# सिनर और फ्रिट्ज में होगी खिताबी भिड़ंत

### यूएस ओपन : सिनर ने ब्रिटेन के जैक ड्रेपर पर 7-5, 7-6 (3), 6-2 से दर्ज की जीत


**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी यानिक सिनर और अमेरिका के 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने संघर्षपूर्ण मुकाबलों में जीत दर्ज करके पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई।

तीन हफ्ते से भी कम समय पहले डोपिंग मामले में बरी किए गए इटली के 23 वर्षीय सिनर ने ब्रिटेन के 25वीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर पर 7-5, 7-6 (3), 6-2 से जीत दर्ज की। फ्रिट्ज ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी और यहां 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को पांच सेट कर चले कड़े मुकाबले में 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

**प्वाइंट कार्ड**

| यानिक सिनर | | जैक ड्रेपर |
|---|---|---|
| 11 | एस | 08 |
| 02 | डब्ल फॉल्ट | 10 |
| 74% | पहली सर्व | 73% |
| 77% | पहली सर्व जीती | 67% |
| 78% | दूसरी सर्व जीती | 56% |
| 4/11 | ब्रेक प्वाइंट | 1/4 |
| 01 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 129 | प्वाइंट जीते | 98 |


यानिक सिनर

### 2006 के बाद यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले फ्रिट्ज पहले अमेरिकी



**यह** 2006 के बाद पहला मौका है जबकि अमेरिका का कोई खिलाड़ी अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के फाइनल में पहुंचा है। टेलर फ्रिट्ज से पहले एंडी रोडिक इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी थे। वह तब फाइनल में रोजर फैडरर से हार गए थे। पुरुष एकल में अमेरिकी ओपन जीतने वाला अमेरिका का आखिरी खिलाड़ी भी रोडिक थे। उन्होंने 2003 में यह उपलब्धि हासिल की थी। जब कैलिफोर्निया के 26 वर्षीय फ्रिट्ज और मैरीलैंड के 26 वर्षीय टियाफो सेमीफाइनल मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे तो दर्शकों को भी समझ में नहीं आ रहा था कि वह किसका समर्थन करें।


ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको ने अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल का खिताब क्रिस्टीना म्लादेनोविच और झांग शुआई को 6-4, 6-3 से हराकर जीता।

### एशिया पेसिफिक जूनियर गोल्फ में अंशुल 9वें स्थान पर रहे

**मनीला (फिलीपींस)।** भारत की जारा आनंद ने एशिया पैसिफिक जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष-10 में जगह बनाई। जारा 74-74-71 का कार्ड खेलकर संयुक्त 10वें स्थान पर रही जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी कीर्तना राजीव नायर (81-75-72) ने संयुक्त 20वां स्थान हासिल किया।

लड़कों के वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अंशुल मिश्रा ने 72-74-73 का स्कोर किया और वह संयुक्त 9वें स्थान पर रहे। रणवीर मित्रू (74-75-71) ने संयुक्त 11वां स्थान हासिल किया। मिश्रित टीम के रूप में जारा और मित्रू संयुक्त 10वें जबकि मिश्रा और कीर्तना 17वें स्थान पर रहे।

### वुड पाकिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज से बाहर

**लंदन ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड दाहिनी कोहनी की चोट के कारण इस साल होने वाले बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। इस तरह से वह अक्तूबर में पाकिस्तान और दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। वुड ने जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी कोहनी में दर्द महसूस किया था।

### विश्व कप क्वालीफायर

## ब्राजील ने तीन हार के बाद दर्ज की पहली जीत

**कूर्टिबा (ब्राजील)।** रियाल मैड्रिड के स्टार रोड्रिगो के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से ब्राजील में इक्वाडोर को 1-0 से हराया, जो उसकी 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में तीन मैच में हार के बाद पहली जीत है।

23 वर्षीय रोड्रिगो ने 30वें मिनट में गोल किया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ और ब्राजील पूरे अंक हासिल करने में सफल रहा।

पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील पिछले साल के आखिर में उरुग्वे, कोलंबिया और अर्जेंटीना से लगातार मैच हार गया था। इससे वह छह दौर के बाद तालिका में छठे स्थान पर था। 7वें दौर में इक्वाडोर पर जीत के बाद उसके 10 अंक हो गए हैं और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

# उत्तर कोरिया में किम जोंग के तख्तापलट की तैयारी?

**अमेरिका,** जापान और दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन जोंग के तख्तापलट की तैयारी शुरू कर दी है। तीनों देशों ने एक साथ मिलकर उत्तर कोरिया के खिलाफ साइबर वारफेयर शुरू करने का फैसला किया है। इसमें किम जोंग उन के खिलाफ उत्तर कोरियाई नागरिकों में विद्रोह की भावना भरने का काम किया जाएगा।

इसके अलावा उत्तर कोरियाई हैकर्स के खिलाफ भी एक मल्टीनेशनल साइबर एक्शन प्लान को लागू किया जाएगा। इसका प्राथमिक उद्देश्य उत्तर कोरिया के साइबर फ्रॉड के जरिए कमाई करने के रास्ते को बंद करना है। पश्चिमी देशों का दावा है कि उत्तर कोरिया दुनिया का सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड सेंटर बन गया है, जिसे हैकर्स की एक भारी-भरकम टीम अंजाम देती है। इन पैसों का इस्तेमाल किम जोंग उन और उनके परिवार पर किया जाता है।



### दुनिया के सबसे बड़े साइबर फ्रॉड सेंटर के खात्मे के लिए एक साथ आए अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया

### उत्तर कोरियाई साइबर फ्रॉड रोकने पर सहमति

**अमेरिकी** विदेश विभाग ने कहा कि तीनों देशों के राजनयिकों की तीसरी बैठक में साइबर फ्रॉड के जरिए पैसे इकट्ठा करने और उसे सैन्य खर्च में इस्तेमाल करने की उत्तर कोरिया की क्षमता को बाधित करने पर सहमति बनी है। यह बैठक तब हुई है, जब एफबीआई ने अमेरिकी प्रशासन को चेतावनी दी थी कि उत्तर कोरियाई हैकर्स की टीमें पैसे चुराने के लिए मैलवेयर का इस्तेमाल कर रही हैं। इसके लिए वे बैंकों, दूसरे वित्तीय संस्थानों और कंपनियों को निशाना बना रही हैं। वे क्रिप्टोकरंसी व्यवसायों और प्लेटफार्मों में घुसपैठ करने का आक्रामक प्रयास भी कर रहे हैं।

### उत्तर कोरिया के खिलाफ चलाएंगे इंफॉर्मेशन वारफेयर

**अमेरिकी** विदेश विभाग ने बताया, 'वर्किंग ग्रुप के माध्यम से, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान तीनों देश एक साथ मिलकर कार्रवाइयों की एक लंबी सीरीज पर काम करना जारी रखेंगे, जो कैंप डेविड शिखर सम्मेलन में स्थापित ऐतिहासिक सहयोग को रेखांकित करता है। इसमें डीपीआरके (उत्तर कोरिया) के क्रिप्टोकरंसी की चोरी को रोकने, उनके इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नेटवर्क को जाम करने, उत्तर कोरिया से पैदा होने वाले साइबर खतरे को खत्म करने को लेकर भागीदारों के साथ काम करने और क्षमता निर्माण के प्रयासों को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
संडे स्पेशल

### बैठक में कौन-कौन हुए शामिल

**तीनों** देशों की इस बैठक का नेतृत्व सियोल के विदेश मंत्रालय में कोरियाई प्रायद्वीप नीति के डायरेक्टर जनरल ली जुन-इल, उत्तर कोरिया के लिए अमेरिकी उप विशेष प्रतिनिधि सेठ बेली और साइबर नीति के प्रभारी जापानी राजदूत नाओकी कुमागाई ने किया। कार्य समूह में लगभग 20 अमेरिकी, दक्षिण कोरियाई और जापानी सरकारी विभागों, मंत्रालयों और एजेंसियों के एजेंट शामिल थे।

### किम जोंग पर निशाना साधेंगे तीनों देश

**तीनों** देश उत्तर कोरियाई लोगों के बीच सूचनाओं की पहुंच को सुगम करने, उन्हें दुनिया में हो रही घटनाओं की जानकारी देने और किम जोंग उन शासन के खिलाफ उकसाने को लेकर भी काम करेंगे। इसका उद्देश्य उत्तर कोरियाई नागरिकों को किम जोंग के शासन के खिलाफ उकसाना है, ताकि वह तानाशाही के खिलाफ आवाज उठा सकें। वर्तमान में एशिया में सिर्फ उत्तर कोरिया ही ऐसा देश है, जहां तानाशाही शासन है।

### 30 सरकारी अधिकारियों को फांसी पर लटकाया

उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग का तानाशाही चेहरा फिर उजागर हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बाढ़ को रोकने में विफल होने के कारण 30 सरकारी अधिकारियों को फांसी पर लटका दिया।

कुछ और अधिकारियों को मौत की सजा देने का आदेश दिया गया है। आपको बता दें कि बाढ़ में उत्तर कोरिया में अब तक 1000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। चागांग प्रांत में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सबसे अधिक मौतें हुई हैं।

# सेमा का सफर : जंग के मैदान से लेकर पैरालंपिक कांस्य पदक तक

**एजेंसी, पेरिस**



वह अक्तूबर 2002 की बात है जब जम्मू-कश्मीर के चौकीबल के अशांत इलाके में एक अप्रत्याशित विस्फोट ने हवलदार होकाटो होतोजे सेमा का स्पेशल फोर्स में शामिल होने का सपना तोड़ दिया। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान हुए बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण उन्होंने अपने बाएं पैर के घुटने के नीचे का हिस्सा गंवा दिया, जिससे उन्हें अत्यधिक शारीरिक दर्द और मानसिक आघात पहुंचा।

लोगों को लगा कि सेमा की दुनिया अंधकारमय हो गई, लेकिन इस जवान ने हिम्मत नहीं हारी। इसी का परिणाम है कि 40 वर्षीय सेमा ने पेरिस पैरालंपिक खेलों के गोला फेंक ( शॉट पुट) में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 14.65 मीटर थ्रो करके पुरुषों की एफ57 श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। यह श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए है, जिनका कोई अंग नहीं होता है या जिनकी मांसपेशियां कमजोर होती हैं। भारतीय खिलाड़ी सेमा ने खुद को इस श्रेणी के लिए तैयार किया।

पुणे स्थित कृत्रिम अंग केंद्र मे सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सेमा की फिटनेस को देखकर उन्हें शॉट पुट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस तरह से उन्होंने 2016 में 32 साल की उम्र में इस खेल को अपनाया था। पैरालंपिक खेलों में सेमा ने अपने चौथे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके कांस्य पदक जीता। ईरान के दो बार के पैरा विश्व चैंपियन यासीन खोसरावी ने 15.96 मीटर के पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि ब्राजील के थियागो डॉस सैंटोस ने रजत पदक (15.06 मीटर) जीता।